

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्रेतात्माओं की दुनिया व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 272, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 18 अगस्त 2024




कंगना रनौत ने स्त्री 2 की सफलता के लिए बधाई दी...14

**आज का मौसम**

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 44
सूर्यास्त 06 :48

## पत्नी की गोली मारकर हत्या ठेकेदार पति ने खुद भी जान दी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली की पॉश कॉलोनी ग्रीन पार्क की घटना

**अमृत विचारः** ग्रीन पार्क कॉलोनी में शनिवार सुबह ठेकेदार और पत्नी का शव लहूलुहान हालत में कमरे में मिला। आशंका जताई जा रही है कि ठेकेदार ने लाइसेंसी पिस्टल से पहले पत्नी की गर्दन में गोली मारकर हत्या की। फिर खुद के सिर में गोली मारकर जान दे दी। घरेलू सहायिका के घर पहुंचने पर वारदात का पता चला।

ग्रीन पार्क के मकान नंबर 138 में रहने वाले आलोक तोमर (50) खेती किसानी के साथ-साथ ठेकेदारी भी करते थे। वह पत्नी रीतू तोमर (43) के साथ रहते थे। बारादरी पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर 1 बजे उनके घर सहायिका तुलसी पहुंची, लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो वह घर से कुछ दूरी पर रह रहे रीतू तोमर के बहनोई सीओ विजय राणा के घर पहुंचीं और रीतू की बहन मधु को खबर दी। मधु आलोक के घर पहुंचीं और आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने पेचकस से खिड़की खुलवाई। अंदर जाकर देखा तो दोनों के शव बेड पर खून से लथपथ पड़े थे। पास में पिस्टल भी थी। आलोक पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर के भतीजे थे।

## लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो में दवा की खेप से रेडियोधर्मी पदार्थ लीक

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर शनिवार सुबह जांच के दौरान कैंसर रोगियों के लिए दवाइयों की एक खेप से रेडियोधर्मी पदार्थ का अलार्म बज उठा। सीआईएसएफ ने आनन फानन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी। कार्गो एरिया को खाली कराया गया। सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल जांच कर रही हैं। जो लोग उसकी जद में आए, उनको रोक लिया गया है। एयरपोर्ट के प्रवक्ता के अनुसार अलार्म के कारण का पता लगाने के लिए बुलाए गए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने खेप को सुरक्षित घोषित कर दिया है।

### कानपुर-भीमसेन खंड में गोविंदपुरी के निकट ट्रैक पर लोहे का बोल्डर रखा, आईबी-एटीएस करेगी जांच

## साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश, 22 डिब्बे बेपटरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** कानपुर में झांसी रेल मार्ग पर गोविंदपुरी से भीमसेन स्टेशन के बीच ट्रैक पर असामाजिक तत्वों ने लोहे का बड़ा टुकड़ा (बोल्डर) रखकर वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस को पलटा कर यात्रियों की जान लेने की साजिश की। इस घटना में बोल्डर से टकराते ही धमाके के साथ ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और 22 बोगियां पटरी से उतर गईं। इसमें कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। साजिश की आशंका पर आईबी व एटीएस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

साबरमती एक्सप्रेस कानपुर-भीमसेन खंड में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट शनिवार तड़के 2:30 बजे हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना के समय ट्रेन करीब 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ रही थी। ट्रैक पर रखे गए बोल्डर से ट्रेन का इंजन टकराते ही जोर का धमाका हुआ। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, लेकिन एक-एक कर 22 बोगियां पटरी से उतर गईं।



- इंजन हुआ क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें रोकी गईं, कई का रुट को किया गया डायवर्ट

> साबरमती एक्सप्रेस का इंजन सुबह 2 :35 बजे कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। तीव्र चोट के निशान देखे गए हैं। साक्ष्य सुरक्षित हैं। आईबी और यूपी पुलिस भी इस पर काम कर रही है। यात्रियों या कर्मचारियों को कोई चोट नहीं आई। **-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

तेज झटके के साथ डिब्बों के बाईं तरफ झुकने से ट्रेन में सो रहे यात्री एक दूसरे पर गिरने लगे। इससे अफरातफरी मच गई। गार्ड ने दुर्घटना की जानकारी आला अफसरों को दी तो वे घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ट्रेन चालक के अनुसार बोल्डर से टकराने के कारण इंजन का कैटल गार्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया। ट्रैक के पास से बरामद बोल्डर को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस कमिश्नर कानपुर जोन अखिल कुमार ने बताया कि आईबी और एटीएस की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। दोनों एजेंसियां जांच कर रही हैं।

### अहमदाबाद के लिए विशेष ट्रेन

दुर्घटना के बाद प्रयागराज, कानपुर, आगरा एवं झांसी से दुर्घटना राहत गाड़ी तथा टूंडला और प्रयागराज से दुर्घटना सड़क वाहन 'तेजस' ने घटना स्थल पर पहुंच कर रेस्टोरेशन कार्य शुरू कराया। उधर, कानपुर सेंट्रल से अहमदाबाद के लिए दूसरी ट्रेन चलाकर उसमें हादसे का शिकार हुई साबरमती एक्सप्रेस के यात्रियों को रवाना किया गया।

# पुलिस भर्ती में 20% बेटियों की होगी नियुक्ति : मुख्यमंत्री

### योगी ने की घोषणा, कहा- 60 हजार से अधिक नौजवानों को मिलेगी नौकरी

अंबेडकरनगर/ राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी पुलिस में 60 हजार से अधिक नौजवानों की भर्ती होगी। इसमें 20 प्रतिशत बेटियों को नियुक्ति दी जाएगी। वे प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी।

उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य राज्य के खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ नकद देने के साथ ओलंपिक खेलकर लौटे राज्य के सभी खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं शनिवार को अंबेडकरनगर के कटहरी में रोजगार मेला और गाजीपुर में भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों के सम्मान समारोह के दौरान की। योगी ने अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

वह समय गया, जब प्रदेश में चाचा-भतीजा की गैंग वसूली करने निकलती थी। अब तो जो भी ऐसा करेगा, उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी।



### ओलंपियनों का लखनऊ में होगा सम्मान, राजकुमार बनेंगे डीएसपी

मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में ऐलान किया कि लखनऊ में जल्द पेरिस में ओलंपिक खेलकर लौटे राज्य के सभी खिलाड़ियों का सम्मान होगा। इस दौरान दोनों हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ नकद के साथ गाजीपुर निवासी राजकुमार पाल को सीधे पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्ति भी दी जाएगी। कार्यक्रम में पेरिस ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाली मेरठ की पारूल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, अनु रानी और प्राची को आमंत्रित किया जाएगा और उन्हें 10-10 लाख नकद के साथ सम्मानित किया जाएगा। गाजीपुर में योगी ने ओलम्पियन राजकुमार पाल व ललित उपाध्याय और उनके परिजनों को सम्मानित भी किया।

### अर्जुन अवार्डी ललित पहले से हैं पुलिस उपाधीक्षक

अर्जुन अवार्डी और वाराणसी के चौथे ओलंपियन ललित कुमार उपाध्याय को टोक्यो ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतने वाली हॉकी टीम का सदस्य होने पर मुख्यमंत्री योगी ने पहले ही पुलिस उपाधीक्षक की नौकरी दे रखी है। हालांकि पहले उन्होंने पुलिस विभाग में ओएसडी की नौकरी का ऑफर ठुकरा दिया था, इस पर कई सवाल उठाए थे, तब वे बीपीसीएल में मैनेजर थे। बाद में राज्य सरकार ने ओएसडी का ऑफर रद्द करके पुलिस उपाधीक्षक की नौकरी दी।

## कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल होंगे पीएसी के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने प्रमुख संसदीय समितियों के गठन की शुक्रवार को घोषणा करते हुए बताया कि लोक लेखा समिति (पीएसी) की अध्यक्षता कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल करेंगे। भाजपा के संजय जायसवाल प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता करेंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी बैजयंत पांडा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम समिति और प्राक्कलन समिति संसद की प्रमुख वित्तीय समितियां हैं।

## अधिशासी अभियंता की पीट-पीटकर हत्या

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



- सुलतानपुर जिले की घटना
- मुंह पर टेप बांधकर लाठी-डंडों से पीटा

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र के विनोबापुरी मोहल्ले में शनिवार की सुबह जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जांच में हत्या का आरोप उनके विभागीय एक सहायक अभियंता और साथी पर लगा है। मृतक अधिशासी अभियंता के भाई की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने सहायक अभियंता व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के विनोबापुरी मोहल्ले में स्थित जल निगम के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) में अधिशासी अभियंता उप्र जल निगम (ग्रामीण) के पद पर संतोष कुमार (42) की तैनाती थी। वह प्लांट के बगल ही स्थित किराए पर रहते थे। उनके साथ ड्राइवर संदीप विश्वकर्मा भी रहता था। संदीप ने बताया कि शनिवार की सुबह कई बार विभाग के सहायक अभियंता अमित कुमार आए और उसे दही-जलेबी लाने को भेज दिया। संदीप ने बताया कि जब वह वापस आया तो एई अमित कुमार अपने एक साथी के साथ मिलकर साहब को पीट रहे थे। उनके मुंह में टेप लगा था और पैर बेल्ट से बंधा था। इसके बाद वे लोग वहां से निकल गए। संदीप की सूचना पर लोग अधिशासी अभियंता को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अभियंताओं ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**लखनऊ।** जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की जानकारी मिलते ही अभियंताओं ने शनिवार को राणा प्रताप मार्ग स्थित जल निगम मुख्यालय में आक्रोश जताते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। मंगलवार को समस्त अभियंता जल निगम मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन करेंगे।














## आगरा में मंडलीय शिक्षा निदेशक तीन लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा



- शिक्षक की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ दबोचा

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर (मंडलीय शिक्षा निदेशक) को विजिलेंस ने तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने फर्जी नियुक्ति के मामले में रिपोर्ट लगाने के एवज में 10 लाख की रिश्वत मांगी थी। तीन लाख रुपये एडवांस लेते हुए उन्हें दबोच लिया गया।

आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले अजय चौधरी ने शिकायत की थी कि वह डीसी वैदिक इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक हैं। उनके खिलाफ फर्जी नियुक्ति की शिकायत हुई थी। जांच मंडलीय शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा कर रहे थे। उन्होंने उनके पक्ष में रिपोर्ट देने के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शनिवार को आरपी शर्मा को तीन लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। अजय तीन लाख रुपये उन्हें एडवांस देने के लिए लाया था। वह गाड़ी में बैठकर रिश्वत ले रहे थे।

## किसानों को मुफ्त बिजली के लिए पंजीकरण 31 तक

**लखनऊ, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजी नलकूप कनेक्शन वाले किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी हुए। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को जारी आदेश में कहा गया है कि मुफ्त बिजली के लिए नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी। मालूम हो कि पंजीकरण की अंतिम तारीख 16 अगस्त को खत्म हो गई थी।

# काम पर लौटें चिकित्सक, सुरक्षा होगी सुनिश्चित

### केंद्र ने आईएमए से की अपील, कहा- उपाय सुझाने के लिए बनाएंगे कमेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मंत्रालय ने कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से अनुरोध किया है कि वे व्यापक जनहित में तथा डेंगू-मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने काम पर लौट आएं। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कोलकाता की घटना के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विभिन्न एसोसिएशन ने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के संबंध में अपनी मांगें रखी हैं। मंत्रालय ने मांगों को सुना और चिकित्सक एसोसिएशन को स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। वहीं, आईएमए ने कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान का अध्ययन कर रहा है, जिसमें डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है।




### अस्पतालों में हवाईअड्डे जैसी सुरक्षा व्यवस्था की मांग

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने और अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को हवाईअड्डों की तरह चाक-चौबंद करने की मांग की है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन और मानद महासचिव डॉ अनिल कुमार जे नायक ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अस्पतालों में चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए पांच सुझाव और मांगें की हैं, जिसमें अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को हवाईअड्डों जैसी रखे जाने और अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित किए जाने की मांग भी है।

# अनियमितताओं में 12 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित

## शिकायतें मिलने के बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई, दुकानें बंद कराने के लिए कर्मचारी लगाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अनियमितताओं के चलते ड्रग इंस्पेक्टर ने महानगर के 12 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इस मामले में मेडिकल स्टोर संचालकों से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। तय समय सीमा में दस्तावेजों सहित सही जवाब न देने पर संबंधित मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से मानकों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोरों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने अनियमितताएं मिलने पर 12 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। इसका पता लगने पर मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा गया। इसका पता लगने पर बिना लाइसेंस संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर संचालक अपनी दुकानें बंद कर खिसक गए। जिन मेडिकल स्टोरों पर मानक पूरे नहीं हैं, उन मेडिकल स्टोरों के संचालक मानक पूरे करने में जुट गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अगर इनका जवाब एक सप्ताह में नहीं मिला तो संबंधित मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। जिनके लाइसेंस निलंबित किए गए हैं उन दुकानों को बंद कराने के लिए स्टाफ लगाया गया है। साथ ही नोटिस चस्पा कराए जा रहे हैं। जिन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित किए गए उनमें सुपर मेडिकल स्टोर स्टेशन रोड, न्यू पासवान मेडिकल स्टोर, ग्लोबल मेडिकल स्टोर, श्री बालाजी मेडिकल स्टोर जलालाबाद आदि शामिल हैं।



लाइसेंस निलंबित होने के बाद मेडिकल स्टोर बंद कराता कर्मचारी। ● अमृत विचार

● एक सप्ताह में दस्तावेज सहित जवाब न देने पर निरस्त कर दिए जाएंगे लाइसेंस

### तीन मेडिकलों पर मिलीं प्रतिबंधित दवाएं

औषधि विभाग को छापेमारी के दौरान महानगर के तीन मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित या स्वास्थ्य के लिए अनुपयोगी दवाएं मिलीं। ये दवाएं ऐसे खुलेआम नहीं बेची जा सकतीं। इसके बाद भी इनकी बिक्री जा रही थी। बार-बार प्रतिबंधित दवाएं बेचे जाने की शिकायतें आ रही थीं, लेकिन कौन बेच रहा है और कहां बेच रहा है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। इसके चलते 20 से ज्यादा मेडिकल स्टोर चेक किए गए। जिनमें से 12 पर अनियमितताएं मिलीं और उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। अभी भी तमाम स्टोर ऐसे हैं, जिन पर प्रतिबंधित दवाएं बेची जा रही हैं।

### बिना लाइसेंस मेडिकल चलने की मिल रहीं शिकायतें

एक ओर मेडिकल स्टोर पर अनियमितताएं बरतने की शिकायतें आ रही थीं, वहीं दूसरी ओर बिना लाइसेंस के मेडिकल संचालन होने की शिकायतें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर कहां चल रहे हैं। ऐसे में विभाग ने बिना लाइसेंस वाले स्टोरों पर भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

"अनियमितताएं मिलने पर मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई की गई है। 12 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। इसके बाद भी जवाब न मिलने पर संबंधित मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस रद कर दिए जाएंगे।
– **शालिनी मित्रा**, ड्रग इंस्पेक्टर

## वृद्धावस्था पेंशन न मिलने से बुजुर्ग परेशान चेयरमैन ने पत्र लिखा

**अल्हागंज, अमृत विचार :** कस्बे के कई वार्डों के लोगों की पेंशन पिछले एक वर्ष से रुकी हुई है। इससे बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने समाज कल्याण अधिकारी को पत्र भेजकर रुकी पेंशन चालू कराने की मांग की है।

नगर पंचायत अध्यक्ष शिवानी वर्मा की ओर से समाज कल्याण अधिकारी को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2023 से वृद्धावस्था पेंशन पात्रों को दी जा रही थी, लेकिन जिले में हुए पेंशन घोटाले के कारण कई पात्रों की पेंशन रोक दी गयी, जिस कारण वृद्धावस्था पेंशन धारक काफी परेशान हैं। कुछ बुजुर्गों को तो पेंशन ही मात्र एक सहारा था। ऐसे लोगों को काफी समस्या आ रही है। उन्होंने नगर के सभी पात्रों की पेंशन पुनः शुरू करने के साथ ही एक वर्ष की पेंशन उनके खाते में भेजने की मांग की है।

## शहर में धूमधाम से निकली भोले की बरात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** श्रावण मास के आखिरी सप्ताह में शनिवार को महानगर में भोलेनाथ की बरात (शोभायात्रा) धूमधाम से निकाली गई। देर शाम रंगमहला स्थित हिंदू सत्संग भवन से शुरू हुई भोले बाबा की बरात में मानो पूरा शहर उमड़ पड़ा। डीजे पर बजते भजनों पर थिरकते युवाओं ने जमकर मस्ती की। आकर्षक झांकियों ने हर किसी का मन मोह लिया। बरात का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

शनिवार को पारंपरिक ढंग से महानगर में शिव बरात निकाली गई। बरात में गैर जनपदों की सजीव झांकियों ने मन मोहा। बरात चारखंभा, चौक, मालखाना मोड़, घंटाघर, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के समक्ष विसर्जित हुई। भोले बाबा की बरात में भगवान शिव, उनके गणों के रूप में तमाम भूत-प्रेत और उनके करतबों ने सभी को खासा रोमांचित किया। इनके अलावा नंदी पर सवार भोले बाबा, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण, गणपति, श्रीराम दरबार समेत तमाम झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। युवाओं की टोली भजन-कीर्तन करते भी चल रही थी। बरात में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्टाल लगाकर पानी, ठंडाई आदि का वितरण कर पुण्य कमाया। वहीं लोगों ने दुकानों और घरों की छत से पुष्पवर्षा कर झांकियों का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी बरात के साथ चलता रहा। आशीष गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई शिव बरात में रोबिल गुप्ता, देवेश ठाकुर, अग्निवेश गुप्ता, आशीष वर्मा, सुमित मेहरोत्रा, प्रमोद मिश्रा, राज वर्मा, गौरव गुप्ता, राहुल गुप्ता, दिव्यांशु राठौर, सौरभ रस्तोगी, नीटू मिश्रा, अभिनय गुप्ता, दिवाकर मिश्रा, गौरीश ठाकुर, अनविकार सलोना, ऋषभ गुप्ता, विशाल वर्मा, गौतम गुप्ता, भारत कश्यप, सौरभ रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।


शहर में निकली बरात में शामिल शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी। ● अमृत विचार


शिव बरात में शामिल झांकी में मौज मस्ती करते भूत-प्रेत के स्वरूप। ● अमृत विचार

● भूत-प्रेतों की मस्ती ने लोगों को किया रोमांचित, महानगर वासियों ने पुष्पवर्षा कर किया जोरदार स्वागत

## सत्यापन हो चुके मूल अभिलेख वापस कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए दिव्या गुप्ता को मांगपत्र देकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जिन शिक्षकों के शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों का सत्यापन पूर्ण हो चुका हैं, उनकी सूची अविलंब जारी कर एरियर का भुगतान कराया जाए। साथ ही सत्यापन पूर्ण होने वाले मूल अभिलेख कोई तिथि निर्धारित कर संबंधित शिक्षकों को वापस किए जाएं। ज्ञापन में महिला शिक्षिकाओं के बाल्य देखभाल अवकाश के आवेदन तीन दिवस में स्वीकृत करने समेत पिछले शैक्षिक वर्ष में हुए बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण के मानदेय का भुगतान कराने की भी मांग शामिल की गई है। प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री देवेश वाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह यादव, संयुक्त मंत्री डॉ. विनय गुप्ता आदि शामिल रहे।

● प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को मांग पत्र देकर उठाईं शिक्षकों की समस्याएं

## शिक्षकों ने लंबित मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



डीआईओएस हरिवंश कुमार को ज्ञापन देते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर जनपद के माध्यमिक शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्री ज्ञापन डीआईओएस हरिवंश कुमार को दिया गया।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने शनिवार को डीआईओएस कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया। डीआईओएस को दिए गए ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किए जाने, पदोन्नति संबंधी व्यवस्था को यथावत रखने, चयन बोर्ड की धारा 21 को लागू करने, तदर्थ शिक्षकों का विनिमितिकरण करने, वित्तविहीन शिक्षकों को शिक्षा अधिनियम की परिधि में लाकर वेतनमान से लाभान्वित करने, लंबित अवशेषों का भुगतान करने, सिटीजन चार्टर लागू करने आदि मांगें शामिल की गई हैं।

जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक जिला मंत्री गौरव पांडेय ने प्रांतीय मांग पत्र पढ़कर सुनाया। धरना-प्रदर्शन में रमेश बाबू तिवारी, अनिल मालवीय, संजय कपूर, कमलेश कुमार, डॉ. अमीर सिंह, चंद्रवीर सिंह, हृदयेश सक्सेना, इंद्रदेव सिंह, शोभित डायसल, राजीव सक्सेना, नवाब अली अंसारी, संजय बाबू शुक्ला, उमेश दीक्षित, प्रेमचंद शर्मा आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था अस्पताल, सीज



**जैतीपुर।** सीएमओ डॉ. आरके गौतम के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ ने कस्बे में मेडिकल स्टोर और एक अस्पताल पर छापा मारा। अस्पताल रजिस्ट्रेशन के चल रहा था, जिसे सील कर दिया। जैतीपुर क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से कई मरीजों की मौत हो गयी थी। सीएमओ को बराबर इसकी शिकायतें मिल रही थीं। सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. आसिफ ने टीम के साथ कस्बा में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की, जिससे मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप मच गया। कई मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद करके भाग गए। टीम ने सनराइज अस्पताल को चेक किया। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। वहां कुछ मरीज भर्ती थे। टीम को देखकर डॉक्टर व स्टाफ अस्पताल छोड़कर भाग गए। डिप्टी सीएमओ ने भर्ती मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद अस्पताल सील कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### खतरनाक है गाजर घास, सचेत रहें किसान




**शाहजहांपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में 16 अगस्त से गाजर घास उन्मूलन के लिए जागरुकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण शुरू किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गाजर घास का कृषि एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके उन्मूलन के प्रति जागरुक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड चिरंजीवी सिंह ने कहा कि खेतों की मेड़ तथा उसके आसपास उग रही गाजर घास को जड़ सहित उखाड़ कर नष्ट करना बहुत आवश्यक है। केंद्र प्रभारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने बताया कि एक वर्ग मीटर भूमि में गाजर घास लगभग 154000 से अधिक बीज उत्पन्न कर सकती है। इसके संपर्क में आने से मनुष्यों में डर्मेटाइटिस, एक्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा आदि बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए गाजर घास अत्यंत विषाक्त है, जिसे खाने से दुधारू पशुओं के दूध में कड़वाहट के साथ उत्पादन में भी कमी आ जाती है। इसलिए इस खरपतवार का फूल आने से पहले उखाड़ने के बाद इकट्ठा करके जला दें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. नरेंद्र प्रसाद, डॉ. विमल कुमार आदि ने भी गाजर घास के दुष्प्रभाव और उन्मूलन की तकनीकी जानकारी दी।

### व्यापार मंडल: केके लील अध्यक्ष व कपिल महामंत्री चुने गए



**पुवायां।** शनिवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल की पुवायां इकाई का चुनाव सम्पन्न हुआ। इसमें सर्व सहमति से सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध चुना गया। इसके बाद चुने गए पदाधिकारी का व्यापारियों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। शुक्रवार को गोल्डन पैलेस सभागार में नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से केके लील को अध्यक्ष, कपिल गुप्ता महामंत्री और युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष धीरज शर्मा राजा, महामंत्री विशाल ओमर, सचल दल के अध्यक्ष अखिलेश अग्निहोत्री और महामंत्री अमित गुप्ता को चुना गया। चुने गए पदाधिकारी को जिला इकाई के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ, सुरेंद्र सेठी, नीरज गुप्ता, रोहित अग्रवाल, मुकेश गुप्ता के साथ पुवायां के व्यापारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने सभी पदाधिकारी से जल्द अपनी कमेटी का गठन करने को कहा। केके लील ने कहा कि वह सदैव व्यापारियों के लिए तत्पर रहते हैं।




## परीक्षा में मोबाइल और ब्लूटूथ रहेगा वर्जित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस में भर्ती की लिखित परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दो पालियों में होगी है। परीक्षा को लेकर शनिवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की।

बैठक में डीएम ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जिन केंद्रों पर 504 से अधिक अभ्यर्थियों की संख्या है उन पर दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट और जिला प्रशासन की ओर से नामित सहायक केन्द्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक पाली में 5256 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों के आवागमन, ठहरने, उनके द्वारा भोजन एवं पेय सामग्री के सेवन आदि के लिए परीक्षा केन्द्रों के आसपास एवं रुकने वाले स्थानों होटलों, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशनों, बस स्टापों, चौराहों, पार्क आदि पर निर्धारित शुल्क की लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि भर्ती के नियमों को अच्छे ढंग से पढ़ ले, जिससे परीक्षा में कोई गलती न हो। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आईटी गजेट्स ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों की निर्धारित परिधि में फोटो कॉपी मशीन संचालित किया जाना व अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। इस दौरान एसपी अशोक मीणा, नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, सीएमओ डा. आरके गौतम, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

● परीक्षा को लेकर डीएम ने जोनल सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की

## आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने बंद सफल बनाने का निर्णय लिया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले हुई बैठक में अनुसूचित वर्ग में उपवर्गीकरण के विरोध में 21अगस्त को होने वाले भारत बंद को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

बुद्ध विहार में सियाराम सिंह धनियां की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के महामंत्री राम सिंह ने बताया कि भारत बंद प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले होगा। सभी लोग 21अगस्त को सुबह 10 बजे खिरनी बाग जीआई सी ग्राउंड में एकत्र होंगे और वहां से जेल रोड, अंटा चौराहा, अंजान चौकी, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार, कचहरी होते हुए कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा। भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर ने कहा कि सभी लोग कम से कम 20 लोगों को संदेश देकर विरोध प्रदर्शन में शामिल कराएं। वेदपाल सुमन के संचालन में चली बैठक में सियाराम दिनकर, अजय वर्मा, अमर सिंह, बृजेश वर्मा, ओपी वर्मा, सुरेश पाल सिंह, बलवीर सिंह, तोताराम बौद्ध, डॉ. अमर सिंह, हरीशंकर कनौजिया, मगरे लाल, जगदीश प्रसाद, भरत पाल सिंह, रवि वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मोहनलाल को बंदोबस्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**शाहजहांपुर।** चकबंदी आयुक्त ने पीलीभीत के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मोहनलाल को शाहजहांपुर के बंदोबस्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वह पीलीभीत के साथ-साथ शाहजहांपुर के बंदोबस्त अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे। उन्होंने जिम्मेदारी संभालते हुए रोस्टर जारी कर दिया है। वह सप्ताह में तीन दिन बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को शाहजहांपुर बंदोबस्त अधिकारी का कार्यभार देखेंगे। इसके अलावा सोमवार, मंगलवार और शनिवार को वह पीलीभीत में अपनी मूल तैनाती बंदोबस्त अधिकारी का कार्यभार देखेंगे।









मुफ्त मुफ्त मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग



डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com



डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी. मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर



डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist



डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

# ट्यूबवेल की गूल तोड़कर खेत में मिलाई, जांच के आदेश

## दातागंज के संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निस्तारित कीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जन समस्याएं सुनतीं डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- 47 शिकायतें पहुंचीं, चार का मौके पर हो सका निस्तारण
- स्कूली बच्चों के बनाए मॉडल की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने तहसील दातागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण किया। एक व्यक्ति ने सरकारी ट्यूबवेल की गूल तोड़कर खेत मिलाने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने जांच के आदेश दिए। तहसील दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें चार का मौके पर निस्तारण हुआ। तहसील दिवस के बाद डीएम ने तहसील परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों व स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा नवजात का अन्नप्राशन संस्कार भी किया।

उसहैत की एक महिला ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायती पत्र दिया। जिसमें उसने कहा था कि उसके पति के नाम की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी दातागंज को एक सप्ताह में जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं दातागंज के वार्ड नंबर 15 के मोहल्ला शहीद भगत सिंह निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने सौंपे शिकायती पत्र में कहा कि उसके खेत के समीप सरकारी ट्यूबवेल है। उस ट्यूबवेल की गूल को कुछ लोगों ने तोड़कर अपने खेत पर मिला लिया है। जिस पर डीएम ने जांच कर कार्रवाई के आदेश एसडीएम को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग, जिला पूर्ति कार्यालय, जल निगम सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 47 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों व स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल के स्टालों की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा नवजात का अन्नप्राशन भी किया। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार, उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम व एसएसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 में कोषागार में बनाए गए डबल लॉक में किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए तथा कैमरा को कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# सांसद व पूर्व मंत्री ने शिवभक्तों को वितरित किया प्रसाद



शिवभक्तों को प्रसाद वितरित करते सांसद आदित्य यादव।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से बिरुआबाड़ी मंदिर पर शिविर में सांसद आदित्य यादव, पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की व प्रसाद वितरित किया।

इस दौरान शिवभक्तों का स्वागत किया और भंडारे का प्रसाद वितरित किया। सभासद अनवर खां, वाहिद अली, राजीव नारायण रायजादा, नावेद, अली अल्वी, ग्रीश शुक्ला, मनोज कश्यप, ममता, पूर्व सभासद इंदू सक्सेना, महेश सक्सेना, माजिद अली, ओमवीर सिंह यादव, बलवीर सिंह यादव, फरहत अली, अधिवक्ता जवाहर सिंह यादव के अलावा पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक मोहम्मद तैय्यब, सफाई निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# तहसील बार एसो. कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, बिसौली



बार कार्यालय का उद्घाटन करते बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा।

- उप्र बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा ने कहा अधिवक्ताओं के अधिकारों के लिए प्रयासरत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा ने तहसील बार एसो. के कार्यालय का उद्घाटन किया। मृतक चार अधिवक्ताओं को पांच पांच लाख रुपए देने की मांग को लेकर डीएम से बात की।

शनिवार को तहसील प्रांगण स्थित तहसील बार के ऑफिस का उद्घाटन करते समय शिरीष मेहरोत्रा ने कहा कि वकीलों के अधिकारों को लेकर बार काउंसिल प्रयासरत है। अधिवक्ता समाज में अहम किरदार निभाता है। इसके बाद मृतक धनवीर सक्सेना, प्रसून चौहान, शैलेश आर्य और बशर के परिजनों को पांच पांच लाख रुपए देने को लेकर डीएम से बात की। उन्होंने बताया कि यह धनराशि जिला मुख्यालय पर ही मिलेगी। तहसील बार एसो. के अध्यक्ष राजेश सक्सेना ने सभी का आभार जताया। पूर्व अध्यक्ष रामवीर सिंह ने अधिवक्ता के हितों की बात की।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर पाठक, अनूप शर्मा, नरेश चंद्र पाराशरी, विपिन पाठक, अभिक्ष पाठक, विचित्र पाल सिंह, सुधाकर सक्सेना, राहुल सिंह, भेषज शरण शर्मा, मुकेश शर्मा, सचिन सक्सेना, राजेश भारद्वाज आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289
ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# लौज, पेड़ा, छेना के सैंपल लेकर जांच को भेजे



मिठाई की दुकान से सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद भर में मिठाई की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को अधिकारियों ने लौज, पेड़, छेना सहित पांच मिठाइयों के सैंपल भर जांच को लैब भेजा ।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सीएल यादव के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने अलापुर स्थित सूरज मिष्ठान भंडार के यहां से लौज, शाहिद हुसैन के यहां से पेड़ा, ओरछी चौराहा स्थित वीरू के प्रतिष्ठान से छेना रसगुल्ला, समरेर स्थित गुप्ता स्वीट्स के यहां से बर्फी और शहबाजपुर बिजली घर के पास से मोहिद सोहिल के वाहन से दूध का सैंपल लिया। जिसे जांच को लैब में भेजा है। छापामार अभियान में आरपी सिंह, सतेंद्र तोमर, माता शंकर, राजेंद्र नाथ मिश्रा, सीमा यादव और आजाद कुमार शामिल रहे।

# बैंक शाखा में महिला से की अभद्रता, शिकायत

**बिसौली ,अमृत विचार :** एडीबी एसबीआई शाखा में खाताधारक रकम निकासी और जमा करने आते हैं। उनके साथ बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों पर अभद्रता करने का आरोप है। बैंक में खाताधारकों को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। छोटे छोटे कार्यों के लिए बैंक कर्मचारी खाताधारकों को तीन से चार घंटे इंतजार कराते हैं।

कस्बा के मोहल्ला कौआ टोला निवासी कामिल खां की पत्नी जाहिदा बेगम शनिवार सुबह कोतवाली के निकट एडीबी एसबीआई बैंक से रुपये निकालने पहुंचीं। धन निकासी के लिए वाउचर भरकर काउन्टर पर तैनात कर्मचारी सोमवीर यादव को दिया। आरोप है कि सोमवीर आग बबूला हो गया और महिला के साथ अभद्रता करने लगा। जिसकी शिकायत महिला ने शाखा प्रबंधक से की। शिकायत करने पर सोमवीर ने गालियां देते हुए महिला को बैंक से बाहर जाने को कहा। पीड़िता का आरोप है कि सोमवीर ने धर्म को भी निशाना बनाया। पीड़ित महिला ने इस मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी कल्पना जायसवाल से की। उन्होंने जांच का आश्वासन दिया है।

# छात्राओं की डेजर्ट मेकिंग प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल में डिलाइटफुल डेजर्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल सजाए।

ग्रीन हाउस की छात्राएं बुशरा कुरेशी , नूर शिफा, सोनाली मौर्य , साक्षी ,आरुषि, अदिति राजपूत प्रथम स्थान पर तथा ब्लू हाउस की छात्राएं तविषा, हिफ्जा, मायरा,सुमैया, करीमा द्वितीय स्थान पर तथा यलो हाउस की छात्राएं रिया, आराध्या , अंशिका, दिशा तथा भक्ति तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्या शीबा खान ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।





बच्चों के स्टॉल देखतीं शिक्षक।



हाथ पर मेहंदी लगाती छात्रा।

### सजाई सुंदर मेहंदी, हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल में छात्राओं के बीच मेहंदी और राख मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी सिंह, प्रिया यादव, आवृत्ति यादव और तनिष्का ने अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में रीविका शर्मा, अक्षय कुमार, पलाक्षा, अनंत बघेल और श्रद्धा सक्सेना ने अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान बनाया।

## एक नजर

### सांड़ के हमले में कई राहगीर घायल



**ओरछी, अमृत विचार :** शनिवार को एक सांड़ के हमले में कई लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने पशु चिकित्सा अधिकारी से भी सांड़ के हमलावर होने की शिकायत की तो पशु चिकित्सक ने सांड़ को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर वश में किया। गांव परमानंदपुर में शनिवार की सुबह वेल्डिंग मिस्त्री विनोद पर दुकान में घुसकर सांड़ ने हमला कर दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। आसपास के लोगों की मदद से मुश्किल से जान बचाई। इसके बाद परमानंदपुर निवासी बनवारी के पेट पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर सांड़ भाग गया। उसके बाद एमएफ हाईवे स्थित ओरछी चौराहे पर सांड़ के हमले में राहगीर घायल हो गया। बाइक सवार पर भी हमलावर हो गया। बाइक सवार भी गिर गया। फिर भागते हुए सांड़ ने चलते ट्रक में टक्कर मारी। फिर जंगल की तरफ भाग गया। सांड़ के आतंक से परेशान लोगों ने आसफपुर पशु चिकित्सा अधिकारी दीप कुमार को सूचना दी, उन्होंने सांड़ को नशे का इंजेक्शन देकर बेहोश किया।

### झगड़े में ग्रामीण का लाठी मारकर सिर फोड़ा

**मुजरिया, अमृत विचार :** दूध देकर वापस लौटते समय पड़ोसी के घर के दरवाजे पर बैठ जाने पर लाठी डंडे पीटने का आरोप लगाते हुए युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव जाहिदपुर घांसुलिया निवासी रायकिशन पुत्र ओमप्रकाश डेयरी पर दूध पहुंचा कर अपने घर वापस आते पड़ोसी के चबूतरे पर बैठ गया। इसी दौरान पड़ोसी ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर सिर फोड़ दिया। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल राय किशन को अस्पताल भेज दिया।

### कार की टक्कर से गोवंश घायल, गोरक्षक दल ने कराया उपचार

**उसहैत, अमृत विचार :** शनिवार को नगर के चौराहे पर घूम रहे गोवंश के छोटे बच्चे को एक कार ने रौंद दिया। कार की टक्कर से बछड़े का मुंह फट गया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही गो रक्षक दल की टीम के बाबी गुप्ता समेत आधा दर्जन पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये। उप केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट उजैर खान को बुला कर उपचार किया गया। बाद में घायल गोवंश के बछड़े को गोशाला पहुंचाया। नगर पालिका की ओर से गोवंश को संरक्षित करने में लापरवाही बरती जा रही है।

# दस मिनट की बारिश से गलियों में भरा गंदा पानी घरों में पहुंचा

## शनिवार दोपहर हुई बारिश से शहर के निचले इलाकों में जलभराव से लोगों में नगर पालिका के प्रति दिखी नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मानसून की बारिश शहर के लोगों के लिए आफत बन गई है। नगर पालिका की लापरवाही की वजह से लोगों को प्रतिदिन जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा रहा है। अब स्थिति और विकट होती जा रही है। बारिश के बाद नाले और नालियां उफान मारने लगे हैं। नालियों की गंदगी बरसात के पानी के साथ दुकानों और मकानों में घुस रही है।

शनिवार को भी ऐसा हुआ। दोपहर के समय दस मिनट तक हुई मूसलाधार बारिश से सड़कों, बाजार, और मोहल्लों में जलभराव हो गया। लोगों को जहां गंदे पानी से गुजरना पड़ा, वहीं दुकानों और मकानों में पानी घुस गया। जिसे निकालने में दुकानदारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है।

कभी सुबह तो कभी शाम बारिश का सिलसिला जारी है। शनिवार को दोपहर आसमान में काली घटा छा गई और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। करीब दस मिनट तक मूसलाधार बारिश हुई। दस मिनट की बारिश से शहर में पानी ही पानी दिखाई दे रहा था।



बरेली मथुरा हाईवे पर जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



बदायूं क्लब के पास जलभराव। ● अमृत विचार



गांधी ग्राउंड रोड पर जलभराव। ● अमृत विचार



पनबड़िया रोड पर जलभराव । ● अमृत विचार

पुलिस लाइन चौराहा, शहबाजपुर पुरानी चुंगी, श्याम नगर, नवादा चौराहे के साथ शहर के अंदर नई सराय, पटियाली सराय, खैराती चौक, आर्य समाज चौक, सर्राफा बाजार, सुभाष चौक, पनबड़िया, गांधी ग्राउंड रोड, तोताराम मार्केट सहित आवास विकास कॉलोनी में जलभराव हो गया। बाजार में जलभराव होने से बरसात का गंदा पानी दुकानों और मकानों में घुस गया। जिसे निकालने में दुकानों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। घरों में घुसे गंदे पानी को निकालने में लोगों के पसीने छूटने लगे। महिलाओं और बच्चों ने वर्तनों की सहायता से बरसात के गंदे पानी को बाहर निकाला। वहीं बाजार में हुए जलभराव के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बारिश के बाद खिली चटख धूप, उमस से हुई परेशानी

इधर दस मिनट की बारिश के बाद आसमान साफ हो गया। चटक धूप खिल उठी। धूप खिलने से उमस बढ़ गई। जिसने लोग पसीने से तरबतर हो गए। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 20 तारीख तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। तेज और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। बारिश के बाद शनिवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## मोबाइल हैक कर खाते से 2.74 लाख रुपये निकाले

**बदायूं, अमृत विचार :** खुद को मीशो कंपनी का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति ने पवन बिहार कॉलोनी के युवक को फोन किया। व्हाट्सएप पर एक फॉर्म भरवाकर युवक का मोबाइल हैक कर लिया। युवक से बिना ओटीपी लिए उनके बैंक खाते से नौ बार 2.74 लाख रुपये पार कर लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर की पवन बिहार कॉलोनी निवासी नीरज यादव पुत्र अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 अगस्त दोपहर लगभग 4 बजे उनके पास किसी व्यक्ति का फोन आया था। जिसने बताया कि वह मीशो कंपनी से बोल रहा है। उनका ऑर्डर नहीं भेज पा रहे हैं जबकि चलते उनके रुपये वापस करेंगे। जिसके लिए व्हाट्सएप पर एक फॉर्म भरवाया। उस व्यक्ति ने नीरज यादव को फोन हैक कर लिया। उनके ओटीपी बिना बताए खाते से लगभग 2 लाख 74 हजार रुपये निकाल लिए। पहली बार में 63974 रुपये, दूसरी बार में 35035 रुपये, तीसरी बार में 25000 रुपये और फिर छह बार में डेढ़ लाख रुपये खाते से कटते चले गए। नीरज यादव की तहरीर पर पुलिस ने मीशो कंपनी के अज्ञात व्यक्ति पर आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## अपहृत किशोरी बरामद थाने में बिगड़ी तबीयत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 11 अगस्त को हुआ था अपहरण, पुलिस ने पास के गांव से की बरामद

**अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र के एक गांव का युवक किशोरी का अपहरण करके ले गया। पुलिस ने तहरीर देने के तीन दिन के बाद अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। बयान में किशोरी ने खुद को बालिग बताया। इसी दौरान किशोरी की तबीयत बिगड़ गई। जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने 14 अगस्त को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 अगस्त को उनके गांव निवासी युवक उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण करके ले गया है। किशोरी घर से नगदी और जेवर भी ले गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके किशोरी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने किशोरी को पास के दूसरे गांव से बरामद कर लिया। किशोरी को थाने ले जाकर बयान दर्ज किए। किशोरी ने खुद को बालिग और युवक को अपना प्रेमी बताया। शाम होने की वजह से पुलिस ने किशोरी को वन स्टाप सेंटर पर नहीं भेजा था। थाने पर ही रोक लिया। रात में किशोरी की तबीयत खराब हो गई। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। जहां शनिवार दोपहर उसका इलाज कराया गया। इसके बाद भी हालत में सुधार न होने पर किशोरी को अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। उसावां के थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी ने खुद को बालिग बताया है।

## लाइब्रेरी पर कब्जे का प्रयास, शिकायत पर पुलिस ने बंद कराया काम

**उझानी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी उदित वार्ष्णेय उर्फ निक्की ने बताया कि स्टेशन रोड निवासी युवक ने दुकान का खरीदार बताते हुए लाइब्रेरी का ताला तोड़कर कब्जा करने की कोशिश की। मजदूरों के सहारे तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काम रुकवा दिया था।

उदित वार्ष्णेय ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पिता कौशल किशोर ने लगभग 40 साल पहले नगर निवासी राम बहादुर से कृष्णा पब्लिक लाइब्रेरी किराए पर ली थी। पिता की मौत के बाद वह काबिज हैं। समय से किराया अदा करते हैं। शुक्रवार को देखा तो वह युवक मजदूरों से तोड़फोड़ करा रहा था। उदित ने विरोध किया तो उस व्यक्ति ने कहा कि उसने लाइब्रेरी खरीद ली है। उदित ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# कछला में गंगा फिर खतरे के निशान के ऊपर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नरोरा से छोड़ा गया एक लाख पांच हजार क्यूसेक पानी
- तटवर्ती इलाकों में एक बार फिर से बाढ़ की आशंका

**अमृत विचार :** नरौरा बैराज से एक लाख पांच हजार क्यूसेक पानी फिर छोड़े जाने से कछला में गंगा फिर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। सहसवान उसहैत और दातागंज क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका बन गई है। कुछ गांव टापू बन गए हैं।

शनिवार को नरौरा बैराज से शुक्रवार को एक लाख 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। चार दिन से लगातार एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं सहसवान की महावा नदी भी उफान पर है। आस पास के सात गांवों टापू की तरह दिख रहे हैं। गांवों के आस पास पानी भरा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खादी नगला के दर्जन भर लोग गांव से बाहर निकल चुके हैं। जो सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं। कछला गंगा चार दिन से उफान पर है। गंगा का जलस्तर घट बढ़ रहा है। शनिवार को गंगा में 14 सेमी पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। कछला घाट के आस पास लोगों को हटा दिया गया है। दुकानों तक पानी पहुंचने से अब परेशानी हो रही है। उसहैत इलाके में बांध के पास बनी सड़क तक पानी टक्कर मार रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह पानी आता रहा तो पानी सड़क पार कर लेगा। कमलैयापुर को जाने वाली सड़क पर पानी भरा होने से आवागमन बंद हो गया है। वहीं दातागंज क्षेत्र में भी हजरतपुर से आगे की सड़कों पर पानी पहुंच गया है। गढ़िया रंगीन जाने वाली सड़क पर तीन फुट पानी भरा है, जिससे वाहन नहीं चल रहे हैं। स्थानीय लोग नाव का सहारा ले रहे हैं। रामगंगा का जलस्तर 159,24 मीटर गेज है।



उसहैत इलाके में बांध के निकट बह रही गंगा नदी। ● अमृत विचार

> गंगा में तीन दिन से पानी बढ़ रहा है। नरौरा बैराज से छोड़ा गया पानी अब परेशानी पैदा कर सकता है। कई गांवों तक पानी पहुंच चुका है। अतिसंवेदनशील बांध की निगरानी बढ़ा दी गयी है।
>
> -नेशपाल, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

# फल व्यापारी के घर से दो लाख की चोरी

संवाददाता, उझानी

- मोहल्ला नझियाई में कारोबारी के यहां हुई वारदात, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नझियाई में फल व्यापारी के बंद घर के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरों ने सेफ में रखे 82 हजार रुपये नगदी, सोने-चांदी के जेवर समेत लगभग दो लाख का सामान निकाल लिया। फल व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरी के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

नगर के मोहल्ला नझियाई स्थित शिव मंदिर के पास रहने वाले अशोक यादव पंजाब में रहकर फल का कारोबार करते हैं। उनके बहनोई ओमकार सिंह मकान के पास प्लाट पर मकान का निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने मकान पर ताला डाला और अपने एक मुकदमा में तारीख लेने के लिए अतरौली गए थे। शुक्रवार रात चोरों ने मकान के मेन गेट का ताला तोड़ा। कमरे की अलमारी में रखी चांदी की जेबरी, सोने के कुंडल, मंगलसूत्र और नगदी चोरी कर लिया। गेट का ताला टूटा देखकर पड़ोसियों ने अशोक कुमार को फोन करके चोरी की सूचना दी। अशोक कुमार ने अपने साले राजकुमार को भेजा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। ओमकार ने पुलिस को तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।



चोरी के बाद कारोबारी के घर में फैला सामान और खुली अलमारी।

# गोवंश का वध कर मांस ले गए तस्कर, खेत में मिले अवशेष

संवाददाता, इस्लामनगर

- खेत स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के पपसरा गांव के जंगल में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। खेत मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने खेत मालिक की तहरीर पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गो हत्या की खबर पर लोगों ने एकत्र होकर हंगामा भी किया। लेकिन पुलिस ने लोगों को शांत किया।

कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला अनारो वाली बगिया निवासी हरीशचन्द्र पुत्र दाताराम शनिवार सुबह करीब आठ बजे अपने लड़के प्रदीप और जगदीश के साथ इस्लामनगर निवासी सन्नी मित्तल उर्फ मोहित मित्तल पुत्र सुनील मित्तल के मक्का के पवसरा वाले खेत पर काम करने गये थे। यह लोग मक्का के खेत में घुसे तो एक गोवंश पशु के कुछ अवशेष पडे.हुए दिखाई दिए। हरीश चंद्र के बेटों को ज्ञात हुआ कि रात के समय किन्ही व्यक्तियों ने गोवंश को काटा है गोवंश के अवशेष पडे.होने के कारण हरीश चंद्र के दोनों लड़के थाने गए और उन्होंने इसकी लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गो हत्या निवारण की धारा में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# प्रसूता की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मौके पर पहुंची पुलिस, बाद में शव लेकर चले गए परिजन
- जिला महिला अस्पताल में उसैता की महिला की मौत

**अमृत विचार :** प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर प्रसूता की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह गुस्साए परिजनों को शांत किया। परिजन महिला का शव लेकर घर चले गए। प्रसूता की मौत के बाद वार्ड आया और महिला डॉक्टर अस्पताल से भाग गयीं।

शनिवार को सुबह दस बजे थाना वजीरगंज के गांव उसैता निवासी शाइस्ता को परिजनों ने जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। शाइस्ता को पांचवां प्रसव होने वाला था। जिस समय शाइस्ता को भर्ती किया गया तो वह ठीक थी। खुद ही अस्पताल के अंदर पहुंची। दोपहर करीब डेढ़ बजे शाइस्ता को प्रसव हुआ। उसने बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद शाइस्ता को एक वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। नवजात भी उसके पास था। इसी बीच शाइस्ता की हालत बिगड़ गयी। उसके सीने में दर्द होने लगा। जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे देखा। जब तक डाक्टर कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो गयी। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों की चीख पुकार शुरू हो गयी। लोगों ने हंगामा करते हुए स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक के परिजनों ने कहा कि वार्ड आया ने प्रसव कराया इसलिए शाइस्ता की हालत बिगड़ गयी। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने परिजनों को शांत किया।

> प्रसूता के शरीर में खून की कमी थी। इसी वजह से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। प्रसव कराने वाली महिला डाक्टर ने भी यही बताया था। परिजनों से बाहर ले जाने को कहा लेकिन वे नही ले गये। जिला महिला अस्पताल में वेंटिलेटर सुविधा नहीं होने से ऐसी दिक्कतें आती हैं।
>
> -डॉ. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस

## बिजली बिल के नाम पर हड़पे 83 हजार रुपये

**बेहटा गुसाई, अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई निवासी विकास कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करके बताया कि उनका घर और निजी नलकूप का बिजली कनेक्शन है। 28 दिसंबर 2023 को नागरझूना विद्युत उपकेंद्र की टीम चेकिंग केलिए आई थी। उनके घर के कनेक्शन का बिल 83 हजार और नलकूप का 72 हजार रुपये बताया। कहा कि रुपये अभी जमा कराओ वर्ना कनेक्शन काट दिया जाएगा और रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। आरोप है कि घर के बिल के लिए टीजी टू ने दिग्विजय शर्मा के सामने 63 हजार रुपये टीजी टू कर्मचारी को दिए। टीजी टू ने कहा कि एक सप्ताह में वह फाइनल जमा की रसीद दे देगा लेकिन आज तक रसीद नहीं दी है। उसने रुपये हड़प लिए हैं।

# संपत्ति विवाद में माता पिता से की मारपीट



बेटे और भाइयों की मारपीट से घायल दुलारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र कछला के वार्ड 8 निवासी श्यामलाल पुत्र भगवान दास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे मुकेश और किशन अलग रहते हैं। वह 16 अगस्त सुबह लगभग 9 बजे अपने मामा नन्हें, गोविंद, जुगेंद्र पुत्र रामस्वरूप के उकसाने में आकर संपत्ति को लेकर विवाद किया। श्यामलाल और उनकी पत्नी दुलारी को लात घूसों से मारपीट करके घायल कर दिया। उनके ऊपर ईंट-पत्थर फेंके और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग एकत्र हुए तो हमलावर भाग गए। गंभीर रूप से घायल दुलारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्यामलाल ने अपने दोनों बेटे और सालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

आयोजन | स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका में कवि सम्मेलन व मुशायरा

# 'क्यों न मनायें खुशियां कि पन्द्रह अगस्त है'

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका ने कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया। नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा व पूर्व विधायक आबिद रजा ने दिवंगत साहित्यकारों नफीस बदायूंनी, सलमान सहबा, अनवर कासमी, शादाब ज़की, क़मर अंसारी, रिज़वान सबा, मकसूद अली अंजुम, रौनक़ राही, विशाल ग़ाफिल, प्रदीप रायजादा आदि के परिजनों को सम्मानित किया। अध्यक्षता आशा राठौर ने की।

कवि सम्मेलन व मुशायरे का आरम्भ कवियत्री सरिता चौहान द्वारा मां शारदे की वंदना एवं असरार मुजतर द्वारा नाते-पाक पढ़कर किया गया । वरिष्ठ कवि शमशेर बहादुर आंचल ने पढ़ा, मन बाग-बाग आज है तबीयत भी मस्त है, क्यों न मनायें खुशियां कि पन्द्रह अगस्त है। ख़ालिद नदीम ने पढ़ा - किस दर्जा है बुलंद, कितना महान है, मरकज़ हर इक निगाह का हिंदोस्तान है। संयोजक अशोक खुराना ने पढ़ा -वीर शहीदों ने किया ऊंचा भारत भाल, याद रहेंगे सर्वदा, भारत मां के लाल। अहमद अमजदी ने पढ़ा -हम वो हिंदी हैं जिन्हें हिन्दोसितां पर नाज़ है, फख्र है इसकी ज़मीं पर आसमां पर नाज़ है। अरविन्द धवल ने पढ़ा- अंगारे थे जिन आँखों में उन आखों में पानी देख, पानी जिसको कहा गया उस खून की आज रवानी देख ।शम्स मुजाहिदी ने पढ़ा- ये सच है दोस्तों आजाद की क़सम, ऐ ''शम्स'' सदा से यह मेरा दिल है गुलामे-आजादी।

संचालन खालिद नदीम व भूराज लायर ने किया। एहसान फ़रशोरी, सुरेन्द्र नाज, असरार मुजतर, डॉ. गीतम सिंह, मुजाहिद नाज, अक्षत अशेष, विवेक चतुर्वेदी, अहमद, सग़ीर सैफी, षटवदन शंखधार, समर बदायूंनी, विवेक मिश्रा, उज्ज्वल वशिष्ठ, अंजलि श्रीवास्तव व अन्य साहित्यकारों ने रचनायें प्रस्तुत कीं।




नगर पालिका में काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | (College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enternce Mandatory)
B.Ed
ADMISSION OPEN
2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE
Call on : 8081332211
Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly









# रक्षाबंधन के लिए राखियों से सजा बाजार

## रक्षा सूत्र की खूब हुई खरीदारी, बच्चों का आकर्षण बन रही हैं कार्टून वाली राखियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रेशम और फोम की राखी भी बाजार में पसंद की जा रहीं
- मेटल, गोटा चांदी और मोतियों वाली राखियों के दाम अधिक

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें अब मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। पर्व के चलते बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। राखियों से सजी दुकानों पर दिल्ली से तैयार होकर मंगाई गईं जरकिन और मेटल की राखियों की डिमांड अधिक है। वहीं, रुद्राक्ष राखी का रंग भी अलग है। कार्टून वाली राखी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

रक्षाबंधन के लिए खरीदारी तेज हो गई है। बाजार में कार्टून और खिलौने वाली राखियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। दिल्ली के बाजार से आई रंग बिरंगी राखियां महिलाओं को पसंद आ रही हैं। जरकिन, मेटल, गोटा चांदी और मोतियों से सजी राखी सबसे महंगी हैं। शहर के टिकटगंज, सुभाष चौक और रेलवे क्रासिंग रोड पर लगी राखियों की दुकानों पर पांच से 120 रुपये तक की राखी उपलब्ध हैं। वहीं, महिलाओं के लिए राखियां भी खूब रंग बिखेर रही हैं। इसमें ब्रेसलेट, जरकिन, घुंगरू, मोती वाली राखी उपलब्ध हैं। राखी विक्रेता राहुल, हरदयाल ने बताया कि राखी का अधिकांश माल दिल्ली से मंगाया गया है।

**बहनों की पहली पसंद अब भी रेशम की डोर** :दुकानों में कई डिजाइनों की राखियां तो उपलब्ध हैं। फिर भी रेशम की पारंपरिक डोर अन्य राखियों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बहनों की पहली पसंद अब भी रेशम की डोर ही है।

बड़ी उम्र की बहनें अपने उम्रदराज भाइयों के लिए आज भी पारंपरिक रेशमी धागे की राखियों को पंसद कर रही हैं। शिवानी का कहना है कि रेशमी डोर की पारंपरिक राखियों का स्थान कोई दूसरी राखी नहीं ले सकती है।


बाजार में सजी दुकान से राखियां खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार

### कई साल बाद बाजार में दिखीं फोम वाली राखी

बाजार में कई साल पहले फोम वाली राखी का चलन दिखाई दिया। इस बार फिर फोम वाली राखी बाजार में नजर आई हैं। बड़े चक्र वाली राखी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हैं। दुकानदार शैलेंद्र ने बताया कि यह राखी कई साल बाद आई हैं और खूब बिक रही हैं।

### आज रात से शुरू होगी बहनों के लिए बसों में मुफ्त यात्रा

**बदायूं, अमृत विचार** :भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन की तैयारी तेज हो गई। भाई की कलाई को सजाने के लिए बहनें राखी खरीदने में जुटी हैं तो उनके सफर को आसान बनाने के लिए परिवहन निगम ने भी बसों को दुरुस्त कर लिया है। त्योहार के दिन बदायूं डिपो में मौजूद 142 में 110 को रोड पर उतार दिया है। साथ ही चालक-परिचालक की छुट्टी रद्द कर दी गई है, ताकि किसी भी बस के संचालन में दिक्कत न आए। रविवार रात 12 बजे के बाद से बहने रोडवेज बसों में फ्री सेवा का लाभ दिया जाने लगेगा। यह सेवा दो दिनों तक जारी रहेगी।जिले में आवागमन का सबसे प्रमुख साधन रोडवेज सेवा ही है। बदायूं डिपो में कुल 142 बसें हैं। इसमें करीब 32 बसें खराबी तो कुछ चालक-परिचालक की कमी से खड़ी रहती हैं। रक्षाबंधन पर यात्रियों के दबाव को देखते हुए निगम की ओर से 110 बसों को सड़क पर उतार दिया है। वर्कशॉप में इनकी मरम्मत का काम जारी था। जिसे पूरा करने के बाद रोड पर उतार दिया गया है। रोडवेज निगम के अधिकारियों के मुताबिक करीब 60 बसों फेरे बढ़ा दिए गए हैं। करीब 20 बसों को लोकल रूटों पर चलाया जाएगा। शेष बसें सवारियों की संख्या के अनुसार भेजी जाएंगी। इधर रक्षाबंधन पर्व के चलते परिवहन निगम की ओर से सभी कर्मचारियों को ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में स्वीकृत उनकी छुट्टी भी रद्द की गई है। रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सरकार ने 18 अगस्त की रात 12 बजे से 24 घंटे तक रोडवेज बसों में महिलाओं के निशुल्क सफर की घोषणा की है। भीड़ को देखते हुए करीब 110 बसों को सड़क पर उतार दिया गया है। चालक-परिचालक को ड्यूटी पर रहने के लिए कहा गया है। बेहद जरूरी होने पर ही छुट्टी स्वीकृत की जाएगी।

### कार्टून कैरेक्टर से सजेंगी नन्हीं कलाइयां

राखी विक्रेता दीपक साहू ने बताया कि बाजार में जहां बच्चों के लिए उनकी पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर से बनी राखियां भी आई हैं। वहीं, बड़ों के लिए भी फूलपत्ता, ओंकार, स्वास्तिक और रेशम के धागे, स्टोन की राखियां उपलब्ध हैं। रेशमी धागों के साथ-साथ अब स्टोन वाली राखी, मोतियों की राखी दुकानों में सजी हैं। नन्हीं बहनों को लुभाने के लिए बाल गणेश, छोटा भीम, मिक्की माउस, डोनाल्ड डक और अन्य कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी दुकानों में सजी हुई हैं।

# डांस में नित्य, फैंसी ड्रेस में सिद्धि को प्रथम स्थान


विजेता बच्चों के साथ स्काउट गाइड संस्था के पदाधकारी ।

कार्यालय संवाददाता,बदायूं

**अमृत विचारः** स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर नृत्य आर्ट स्टूडियो की ओर से डांस और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के जिला मुख्य आयुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की महाशक्ति हैं। उनकी रचनात्मक गतिविधियां बुलंदी का मार्ग प्रशस्त करेंगी। डायरेक्टर सोनम कश्यप ने कहा कि बच्चों को सुनहरा मौका मिले तो इतिहास रचने की सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने बताया कि डांस प्रतियोगिता में नित्य प्रथम, परिधि द्वितीय और राधिका तृतीय रहीं। फैंसी ड्रेस में सिद्धि प्रथम यशु द्वितीय प्रांजल तृतीय स्थान पर रहे। टीवी शो कई बार अपने नृत्य का लोहा मनवा चुकी अर्पिता कश्यप और अश्विका चौधरी ने अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि मनोज कश्यप, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, ट्रेनर नंदराम शाक्य और अतुल अतुल कुमार ने सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया। विनोद कश्यप और कमलेश कश्यप ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डीओसी मो. असरार ने किया। इस मौके पर मोनिका मौर्य, प्रेमपाल सिंह, तबस्सुम आदि मौजूद रहीं।

# कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की जयंती मनाई


गोष्ठी में स्मृति चिन्ह देतीं डॉ. उमा सिंह गौर । ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बदायूं

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कवयित्री, स्वतन्त्रता आन्दोलन में जेल जाने वाली प्रथम महिला सुभद्रा कुमारी चौहान की जयंती मनाई गई। क्षत्रिय महिला सभा की जिला संयोजक डॉ. उमा सिंह गौर के श्रीराम नगर स्थित आवास पर गोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. ममता नौगरैया व डॉ. उमा सिंह गौर ने मां शारदे एवं सुभद्रा कुमारी चौहान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. वंदना मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी, डॉ. ममता नौगरैया, डॉ. इन्दु शर्मा, सरिता सिंह, ममता ठाकुर, बीना सिंह, डॉ. कमला माहेश्वरी, वंदना मिश्रा आदि ने काव्य पाठ किया। संयोजक डॉ. उमा सिंह गौर ने सभी कवयित्रियों को पटका पहनाकर व सुभद्रा कुमारी चौहान का चित्र स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। डॉ शैलेन्द्र सिंह ने कहा - सुभद्रा कुमारी चौहान एक ऐसी क्षत्राणी थीं जो कभी डरी नहीं। एक निडरता, सौम्यता और सरलता उनमें हमेशा देखी गई पर ब्रिटिश सरकार से उनका आमना सामना रहा ।

## सार-संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष का एक साल पूरा होने पर बांटी मिठाई



**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय का अध्यक्ष पद पर बने रहते एक साल का पूरा हो गया। एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस जनों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी। साथ ही वृक्षारोपण भी किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह शहर कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चयनित स्थान पर वृक्षारोपण किया। इसके बाद परशुराम चौक पर आमजन व राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस में एक संघर्ष की नई ऊर्जा जागी है। इस अवसर पर शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद, श्याम सिंह, दिनेश गौड़, प्रमोद, आनद, कमल, शफी अहमद आदि मौजूद रहे।

### जैन मंदिर पदमांचल पर किया पौधारोपण



**बिल्सी, अमृत विचार** : बिसौली रोड स्थित जैन मंदिर पदमांचल पर अरिहंत वृक्षारोपण समिति का आठवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने यहां सबसे पहले परिसर में पौधरोपण किया। उसके बाद पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। उक्त संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए शासन को पत्र भेजेंगे। संस्थापक एवं ट्रीमैन प्रशांत जैन ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं पौधरोपण करना है। जिसके लिए संस्था वर्ष 2016 से इस कार्य लगातार करती चली आ रही है। इस मौके पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा, संरक्षक मृगांक जैन, जिला प्रमुख अनुज शर्मा, उपाध्यक्ष देव ठाकुर, कोषाध्यक्ष पीयूष वार्ष्णेय, अमन गिरी, मोहित शर्मा, रमेश बाबू शर्मा, डॉ नीरज अग्निहोत्री, संतोष जैन, दीपक कुमार, ओम शर्मा, राजीव शर्मा, काव्य जैन, रामेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### वृद्धों को सहभोज कराकर वितरित किए वस्त्र



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया स्थित ऋषि आश्रम शुभ सेवा संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय उमाशंकर शास्त्री की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ऋषि आश्रम पर पंडित संपूर्णानंद महाराज द्वारा पूर्ण विधि विधान से हवन पूजन कराया। उसके बाद वृध्दाश्रम में संस्था के अध्यक्ष वेदव्यास शर्मा एवं सभी शिष्यों द्वारा पौधारोपण किया। साथ ही आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को वस्त्र भेंट कर सहभोज कराया। इस मौके पर दीपक शास्त्री, सुरेश पाल सिंह चौहान, पवन शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, जगदीश चंद्र तिवारी, धनेश्वर सिंह पुंडीर, संजीव मिश्रा, विशेष पाठक, अनुपम माहेश्वरी, अरविंद माहेश्वरी, राघवेंद्र शर्मा, हरिओम, उमेश शर्मा, सुमित शर्मा, गोविंद शर्मा, रामकिशोर शर्मा, डॉ. आशीष ठाकुर, नेमपाल मौर्य, आसाराम, राजवीर, पन्नालाल आदि मौजूद रहे।

### शटर के अंदर चल रहा है सील किया गया अस्पताल

**उझानी, अमृत विचार** : कस्बे के बरी वाले बाईपास पर एक प्राइवेट अस्पताल में गर्भपात का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल सील कर दिया था। अब विभाग की लापरवाही के चलते अस्पताल शटर के अंदर चोरी छिपे चलाया जा रहा है। इसमें भी विभाग की मिलीभगत की बात कही जा रही है। कस्बे के इस अस्पताल में अवैध तरीके से गर्भपात कराए जाते थे। गर्भपात करने का सौदा करते एक डॉक्टर का पिछले महीने 24 जुलाई को एक वीडियो वायरल हुआ था। उसके बाद भारी हंगामा हुआ था। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल संचालक को पहले नोटिस देकर जवाब मांगा। उसके बाद अस्पताल सील कर दिया था। अस्पताल संचालक द्वारा एक शपथ पत्र देकर बताया गया कि अस्पताल बंद है। लेकिन वास्तव में अस्पताल शटर डाल कर चलाया जा रहा है। हर रोज मरीज आ रहे हैं। उनका इलाज किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि उझानी के इस प्राइवेट अस्पताल को जांच के बाद सील कर दिया गया था। यदि अस्पताल चल रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



**करियामई, अमृत विचार** : इस्लामनगर विकासखंड के गांव करियामई में सोरहा रोड स्थित श्री जी कान्वेंट स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल में छात्राओं ने राखी बनाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया । छात्राओं ने रंग-बिरंगी राखी बनाकर कला का महत्व दिखाया। बड़े ही उत्साह के साथ पर्व के महत्व को समझते हुए उन्होंने रक्षा सूत्र तैयार किए, और अपनी कला का प्रदर्शन किया। रंग बिरंगी और आकर्षक राखियों को तैयार करने के बाद स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांध कर उनकी दीर्घायु की कामना की। प्रधानाचार्य कोमल कांत जौहरी ने शगुन देने के साथ ही सभी को मिठाई भी खिलाई।

# बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में शिक्षामित्र की मौत

संवाददाता, सोरोंजी


मृतक विकास विक्रम

- भाभी को स्कूल छोड़ने जा रहा था शिक्षा मित्र, दूसरी बाइक सवार दंपती व बच्चा घायल

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र में गैस कंपनी के निकट दो बाइकों की हुई आमने सामने भिड़ंत में शिक्षामित्र की मौत हो गई। दूसरी बाइक सवार दंपति और छह माह का मासूम गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायलों को जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया है।

कस्बा के कछला गेट निवासी 45 वर्षीय शिक्षामित्र विकास विक्रम सिंह बसंतनगर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं। शनिवार की सुबह वह अपने छोटे भाई विशाल विक्रम सिंह की पत्नी ममता को छोड़ने कमला इंटर कालेज जा रहे थे। कमला वहां शिक्षिका है। जब वह बालाजी गैस कंपनी के पास पहुंचा तभी उनकी बाइक की भिड़त अन्य बाइक से हो गई।

इससे बाइक पर सवार शिक्षामित्र गंभीर रूप से घायल हो गया और ममता चोटिल हो गई। घायल शिक्षामित्र को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे अलीगढ़ रेफर किया गया। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना में दूसरी बाइक सवार बदायूं निवासी सलमान उनकी पत्नी फरहन परवीन और छह माह की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# आक्रोशित डाक्टरों ने की हड़ताल, अस्पतालों में मरीज परेशान

## कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई महिला डाक्टर की हत्या पर चिकित्सको में गुस्सा, एक स्वर से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** कोलकत्ता में महिला डाक्टर की दुष्कर्म के बाद की गई हत्या की घटना पर जिले में चिकित्सको में आक्रोश है। घटना के विरोध में मुख्यालय पर अस्पताल और क्लीनिको पर कामकाज बंद रहा। चिकित्सक हड़ताल पर रहे। चिकित्सको ने प्रदर्शन कर घटना के आरोपियों के विरुद्ध कडी से कडी कार्रवाई की मांग सरकार से की।

आईएमए के आहवान पर शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक निजी चिकित्सक अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम बंद कर हड़ताल पर चले गए। सरकारी चिकित्सको ने पीएमएस के आहवान पर दूसरे दिन भी काली पटटी बांधकर विरोध जताया और चिकित्सको ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। बंगाल सरकार की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया। चिकित्सको की मांग थी चिकित्सको की हत्या और दुष्कर्म के मामले में आरोपियों के विरुद्ध कडी से कडी कार्रवाई की जाए। सरकार से मांग की चिकित्सक के आश्रितो को मुआवजा दिया जाए। डा. राजकुमार माहेश्वरी, डा. प्रवीन अग्रवाल, डा. संदीप गुप्ता, डा. प्रवेश माहेश्वरी, डा. नीलम गौड, डा. अखिलेश गौड, डा. कविता जैन, डा. अरुण सक्सेना, डा. अजय गोविल, डा.मोहित जैन, डा. मृदुल जाजू. शहर के सभी चिकित्सक मौजूद रहे।


कोलकाता में हुई महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में आईएमए के डाक्टरों ने प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार


सदर तहसील में एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन देते डेंटल एसोसिएशन के पदाधिकारी।



शहर के सोरों गेट स्थित डाक्टर के क्लीनिक पर लगे ताले।

### डेंटल एसोसिएशन ने किया एक दिवसीय कार्य बहिष्कार

**कासगंज, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के आहवान पर शहर के दंत चिकित्सकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। कोलकता में महिला चिकित्सक के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या की घटना पर आक्रोश जताया। चिकित्सकों ने डीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

कासगंज डेंटल एसोसिएशन द्वारा एसडीएम संजीव कुमार को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना से पूरा देश आहत है। मानवता को झकझोर देने वाली घटना की कासगंज डेंटल एसोसिएशन कड़ी निंदा करती है। केंद्र और राज्य सरकार से मांग करती है कि दुष्कर्म और अमानवीय कृत्य करने वाले दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। एसडीएम ने दंत चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि उनका मांग पत्र डीएम तक पहुंचाया दिया जाएगा। डा. प्रियांशू साहू, डा. अवधेश शर्मा, डा. दीपक राजपूत, डा. विनोद, डा. अखिल शर्मा, डा. शुभम, डा. विकास पाठक, डा. विशाल, डा. विवेक पाल, डा. हरवेंद्र, डा. प्रभव मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने फूंका पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला

**कासगंज, अमृत विचार :** कलकत्ता में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आक्रोश जताया है। पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिए जाने की मांग की। नगर मंत्री मुस्कान प्रजापति ने कहा कि कोलकाता की इस वीभत्स घटना ने देश को हिलाकर रख दिया है। नारी को देवी मानने वाले देश में इस तरह की घटनाएं समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकती। कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार के विरोध में नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिए जाने की मांग की। आशिक, लक्ष्मी, भावना, लालू, अभय, मोहित पंडित, शशांक वशिष्ठ, मृदुल तिवारी ज्योतिर्मय शर्मा, अंश सक्सेना, श्लोक, मोनिका उपाध्याय, यश मिश्रा, अवनेश, दीपांशु, रोहित, हिमांशु मौजूद रहे।



शहर के गांधी मूर्ति पर पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध आक्रोश जताकर विरोध प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# महिला का अपहरण कर ले गए दबंग

- पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद न्यायालय से लगाई गुहार
- न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पुलिस को दिए आदेश

**कासगंज, अमृत विचार :** पति संग दवा लेने आई महिला को कार सवार लोग अपहृत कर ले गए। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस और उच्च अधिकारियों के यहां गुहार लगाई। न्याय न मिलने पर पति न्यायालय पहुंचा। मामले में न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश पुलिस को दिए हैं।

जिला अलीगढ के थाना गंगीरी में स्थित ग्राम नौगंवा निवासी राजेश आठ जनवरी को अपनी पत्नी सान्या को दवा दिलाने कासगंज नदरई गेट चौराहे पर स्थित एक अस्पताल में आया था। वह पत्नी को अस्पताल के सामने सड़क किनारे खड़ा छोड़कर अस्पताल के अंदर गया था। आरोप है कि तभी सुबह करीब 11:30 बजे सफेद रंग की एक टियागो कार में सवार होकर आए चार-पांच लोग पत्नी सान्या को असलाहों के बल पर डरा धमका कर कार में डाल कर ले गए। राजेश कुमार ने घटना को किशनवीर सिंह व उसके साथियों द्वारा अंजाम देने का आरोप लगाया है । मामले की प्राथमिकी पुलिस द्वारा दर्ज न किए जाने पर पीड़ित राजेश कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय ने मामले में कासगंज कोतवाली पुलिस से आख्या तलब की। पुलिस ने अपनी आख्या में थाने पर गुमशुदगी दर्ज होना बताया, लेकिन पुलिस द्वारा प्रकरण में कोई प्रगति आख्या नहीं दी गई । न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिए हैं।

# समाधान दिवस पर 87 प्रार्थना पत्रों में से सात शिकायतों का हो सका निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिले के तीनों तहसील पर लगाया गया संपूर्ण समाधान दिवस
- डीएम, एसपी ने सदर तहसील में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले की तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस लगाया गया। डीएम, एसपी ने सदर तहसील सभागार में जन शिकायतें सुनी। कुल 87 लोगों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें से सात शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की टीम बनाकर निर्देशित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम मेधा रूपम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने लेखपाल और सचिवों के रोस्टर बनाकर ग्राम पंचायत सचिवालय में चस्पा किया जाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। अगर नहीं कराया जाता है संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने फील्ड में अफसरों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग संबंधी, भूमि विवाद, पैमाइश, चकरोड पैमाइश, आपसी बंटवारा मेड़बन्दी, पट्टा आवंटन, अवैध कब्जें, बाल विकास पुष्टाहार, बिजली आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। तहसील सहावर एवं पटियाली में जनता की समस्याओं, शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एसडीएम संजीव कुमार, सीएमओ डा. राजीव कुमार, डिप्टी कलेक्टर विनोद जोशी, बीएसए सूर्यप्रताप सिंह, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, सीओ विजय राना सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


सदर तहसील सभागार में लगाए गए संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनती डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ● अमृत विचार

# भरगैन में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने किए चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में बीती 13 अगस्त को हुई थी फायरिंग
- आरोपियों से बरामद हुई 315 बोर की लाइसेंसी रायफल, कारतूस

**अमृत विचार :** कस्बा भरगैन में फायरिंग कर दहशत पैदा करने वाले चार आरोपियों को कोतवाली पटियाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाइसेंसी रायफल 315 बोर और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

बीती 13 अगस्त को पटियाली के कस्बा भरगैन में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। इस घटना से कस्बे में दहशत फैल गई थी। मामले में वायरल हुई वीडियो को संज्ञान में लेकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस को दिए। पुलिस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने वांछित आरोपी सहबुल, अब्दुल नवी, मजरुल हसन एवं सोहिल खान निवासीगण मुहल्ला मीरन थोक कस्बा भरगैन को गिरफ्तार किया है। पटियाली के इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाइसेंसी रायफल 315 और दो कारतूस बरामद हुए हैं। न्यायालय से आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही हुई है।



पटियाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी

# बाइक ने राहगीरों को रौंदा चार घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में गांव मामों क निकट तेज रफ्तार बाइक ने राहगीरों को रौंद दिया। जिसमें मामों निवासी रूपेश, प्रहलादपुर निवासी मुन्नालाल एवं बाइक सवार योगेश शर्मा, शैलेंद्र निवासीगण पचौखरा जिला फिरोजाबाद घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद गंभीर घायल मुन्नालाल और रूपेश को गहन चिकित्सा के लिए अलीगढ़ रेफर किया है।

### बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर

**कासगंज।** शहर में कासगंज–सोरों मार्ग पर नीलम हॉस्पिटल के निकट बोलेरो कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार 18 वर्षीय निकुंज पांडेय पुत्र विमल पांडेय निवासी माधौपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल का उपचार किया जा रहा है। मामले में अभी कोई विधिक कार्यवाही नहीं हुई है।

### सोरों में कुश्ती दंगल 19 को

**सोरोंजी।** स्वर्गीय उपेंद्र पहलवान की स्मृति में दंगल कुश्ती का आयोजन 19 अगस्त को बटेश्वर अखाड़े पर होगा। यह जानकारी संयोजक रमाकांत तिवारी एवं देवी लाल तिवारी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि कुश्ती दंगल में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, बिहार के पहलवान अपने दाव पेंच दिखाएंगे। उन्होंने कुश्ती प्रेमियों से पहुंचने की अपील की है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
ट्रेंड/अनट्रेंड, लेडी/जेंट्स इंग्लिश टीचर की
केवल लोकल बरेली वाले
शीघ्र आवेदन करें
H.C. Public School
परसाखेड़ा (सी.बी. गंज से आगे) बरेली
Mob 9760936161

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम YUNUS से बदलकर MOHAMMAD YUNUS CHISHTI रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए । मोहम्मद युनुस चिश्ती पुत्र अहमद हुसैन, सलेम सराय मुरादाबाद।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0976569 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है जो कि काफी तलाश करने पर नहीं मिला है। मुनीष पुत्र श्री मंगलसेन निवासी करनपुर पोस्ट व कोतवाली देवरनियाँ तहसील बहेड़ी (बरेली)

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजीव कुमार जो गलत सोबत में पड़ गया था, जिसको मैंने दिनांक 03.06.2010 को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था, लिहाजा अब मेरे पुत्र के चाल–चलन बिल्कुल सही हो गये हैं तथा अच्छी सोबत में उठना बैठना हो गया है। लिहाजा अपने पुत्र राजीव कुमार की बेदखली दिनांक 03.06.2010 मैं वापस ले रहा हूं। वेद प्रकाश पुत्र स्व. श्री नत्थू लाल निवासी मोहल्ला चक महमूद निकट नवाब साहब की कोठी पुराना शहर, थाना बारादरी, जिला बरेली

WALK IN INTERVIEW
on 22.08.2024 (Thursday) Timing 11:00 AM
With documents for the post of
PGT (Chemistry)
in Leave Vacancy for 6 months
Qualification Required
Post Graduation and B.Ed. is must
Basubaral Saraswati Vihar Sr. Sec. School
Harunagla, Bisalpur Road, Bareilly
Contact No : 7983035601
e-mail : basubaral@gmail.com

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## शहर में आज

- कांवड़िया सेवार्थ शहर के आवास विकास स्थित पारना मठ पर भंडारा सुबह 10 बजे से।
- संत निरंकारी सत्संग मंडल द्वारा शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सत्संग सुबह नौ बजे से।
- शिव-विवाह शहर की गली पचौरिया स्थित कपिलमुनि मंदिर पर शाम चार बजे से।
- समाजसेवियां द्वारा कांवड़ियों के सेवार्थ शिविर नदरई पर सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### फांसी लगाकर विवाहिता की हत्या का आरोप

एटा : मलावन थाना क्षेत्र में संदिग्धवस्था में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंच गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। इस दौरान दहेज हत्या का आरोप लगाया गया। थाना मलावन क्षेत्र के गांव थरौली नगला बंजारा निवासी गोरेखान की 25 वर्षीय पुत्री सितारा बेगम की शादी चांदपुर थरौली निवासी बबलू पुत्र नत्थू खान के साथ पांच साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग परेशान करते थे। भाई नसरुददीन और पिता गोरेखान का आरोप है कि दहेज की खातिर सितारा की ससुराल पक्ष ने फांसी लगाकर हत्या कर दी। घर में फांसी पर शव लटका मिला।

### चोरी के इरादे से घुसे चोर परिजन जागे तो भागे

एटा : चोरी करने के लिए चोर एक घर में घुस गए। परिजनों के जागने के कारण चोर घटना को अंजाम नहीं दे सके। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस सीसीटीवी से पहचान कर रही है। कोतवाली नगर के फाटक नगर निवासी अंकित के घर में चोर घुस गए। रात्रि में परिजनों के जागने के कारण चोर घटना को अंजाम नहीं दे सके। सीसीटीवी में चोर आते जाते दिख रहे है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सीसीटीवी में मिले फोटो से चोरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# कासगंज के युवक को गुजरात में भाई ने चाकू से गोदा

## भरगैन के रहने वाले ममेरे भाई ने बड़ोदरा में दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, भरगैन


हजरत अली।

- मौत की खबर मिलते ही परिजनों का हुआ बुरा हाल

**अमृत विचार:** कस्बा भरगैन के रहने वाले मुमेरे-फुफेरे भाइयों में गुजरात के वडोदरा स्थित चिश्तिया नगर में आपस में झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक भाई ने दूसरे भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। इधर रिश्तेदारी का मामला होने के कारण रिश्तेदारों में आपस में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

कस्बा भरगैन के मोहल्ला हसन थोक निवासी 24 वर्षीय हजरत अली पुत्र हाजी अकबर अली और उनके मामा अब्दुल हसन का पुत्र नूर हसन दोनों युवक गुजरात के वडोदरा में रहकर नौकरी कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर में दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान नूर हसन ने हज़रत अली के पेट में चाकू मार दिया।

इससे हजरत अली खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। पड़ोसियों व राहगीरों ने घायल अवस्था में हजरत अली को स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां इलाज के दौरान हजरत अली ने दम तोड़ दिया। हजरत अली की अचानक मौत की खबर वडोदरा से जैसे ही भरगैन पहुंची, तो यहां का माहौल गमगीन हो गया और परिजनों में पुकार हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार वाले और दूसरे लोग वडोदरा के लिए रवाना हो गए हैं।

पूर्व एएमयू छात्र रिहान खान, अहमद हुसैन, गौसिया मस्जिद के पेश इमाम कारी जुबैर अहमद, अरशद खान, आमिर खान, शोएब खान, सलीम खान, इकरार खान, तरीक खान, खालिद खान सहित हजारों की संख्या में लोगों ने दुख जताया है। हजरत अली को वडोदरा स्थित गोरवा के डी-केबिन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचाएं

**कासगंज, अमृत विचार :** सीडीओ ने विकास खंड सोरों की ग्राम पंचायत कुमरौआ के मंडी स्थल में महाचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। सीडीओ ने ग्रामीणों द्वारा आईजीआरएस के संबंधित समस्याओं का मौके पर सत्यापन कराया। गांव में निराश्रित गौवंशों के घूमने और फसलें खराब करने की शिकायत पर सीडीओ ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के निराश्रित गौवंशों को पकड़वाकर गौशालाओं में पहुंचाया जाए। सीडीओ ने बच्चे का अन्नप्राशन किया और तीन महिलाओं की गोद भराई की।

सीडीओ ने जन सामान्य की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के संबंध में फीड बैंक लिया। जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना का लाभ के संबध में जानकारी दी ।एसडीएम संजीव कुमार,अनेक पाल सिंह, सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# आज मध्यरात्रि से कल मध्य रात्रि तक रोडवेज का फ्री सफर करेंगी बहनें

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज बस में बहने फ्री सफर कर सकेंगी। रविवार मध्यरात्रि से बहनो को फ्री सफर का लाभ मिलेगा और वे सोमवार मध्यरात्रि तक इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। परिवहन निगम ने चालक, परिचालको को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजना लागू कर दी है। यह योजना शनिवार से प्रभावी कर दी गई, जो 22 अगस्त तक लागू रहेगी।

रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज विभाग ने कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की है। डिपो में कार्यरत चालक, परिचालक रक्षाबंधन पर्व के छह दिनों तक लगातार बसों का संचालन कर 18 सौ किलोमीटर की दूरी तक करेंगे तो उन्हें 12 सौ रुपये की धनराशि से प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यशाला में लगातार छह दिन तक कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी विभाग प्रोत्साहित करेगा। इन्हें पांच सौ रुपये की धनराशि दी जाएगी। रक्षाबंधन पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके लिए बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए गंतव्य तक जाएंगी और वापस लौटेंगी। रोडवेज ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। यह योजना 17 से 22 अगस्त तक यह योजना लागू रहेगी।


कासगंज बस स्टैंड पर रोडवेज की बसें।

### डिपो में 85 बसों का बेड़ा

डिपों में 85 बसों का बेड़ा है। जिन पर चालक, परिचालक तैनात हैं। इन बसों का लगातार छह दिन तक संचालन करने पर और 18 सौ किलोमीटर तय करने पर 12 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि चालक परिचाल को दी जाएगी।

### मिलेगा अतिरिक्त प्रोत्साहन

चालक परिचालक 18 सौ किलोमीटर से अधिक बस का संचालन करते है, तो उन्हें 55 पैसे प्रति किलोमीटर प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी योजना लागू होगी। वे लगातार छह दिन तक कार्य करते हैं तो उन्हें भी पांच सौ रुपये मिलेंगे। विभाग ने चालक परिचालकों के लिए एक शर्त भी रखी है कि उनके द्वारा बस संचालन क दौरान 64 प्रतिशत लोड फैक्टर भी देना होगा।

> प्रोत्साहन योजना प्रभावी कर दी गई है। शनिवार से लागू हुई योजना 22 अगस्त तक रहेगी। रविवार मध्यरात्रि से सोमवार मध्यरात्रि तक बहनो को फ्री यात्रा कराई जाएगी। **-ओमप्रकाश, एआरएम।**

# साइबर सुरक्षा की जानकारी देकर शिक्षकों को किया जागरूक


उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक ग्रीन चार्ट दिखाते हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** शहर के बीएवी इंटर कॉलेज में चल रहे उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण के चौथे दिन शिक्षको को साइबर सुरक्षा के तहत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गजराज सिंह ने प्रशिक्षुओ को प्रेरित किया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में एसआरजी बृजेश कुमार ने विद्यालयी सुरक्षा एवं संरक्षा के तहत छात्र, छात्राओ को स्वस्थ्य और स्वच्छ रहने का परिवेश निर्माण कैसे हो सकता है। दूसरे सत्र में एसआरजी सत्यप्रकाश ने डिजीटल पुस्तकालय के बारे में जागरुक किया। तीसरे सत्र में एसआरजी सुदेश कुमार द्वारा बताया गया कि साइवर सुरक्षा से किस तरह से वचाव किया जाता है। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि राजेश यादव ने सभी प्रशिक्षुओ को मोटीवेसन के माध्यम से प्रेरित किया। इस मौके पर रामशंकर बिरले, मदन राजपूत, रामचंद्र वर्मा, अभिषेक कुमार,प्रीति माहेश्वरी, रेशु माहेश्वरी, वर्षा गुप्ता, दीप राज,विमलेश कुमार सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# कम हो रहा गंगा का पानी, सिमटने लगी धार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- मचलती लहरें बढा रही हैं कटान का खतरा
- फिलहाल बाढ़ का खतरा पूरी तरह से टला, राहत की सांस

**अमृत विचारः** पहाड़ों से आ रहे पानी का दबाव कम होने के बाद बाढ़ का खतरा टल गया है। इससे नदी किनारे बसे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। नदी में जलस्तर कम हो रहा है तो कछला गंगा में जलस्तर कम होने लगा है। बाढ़ का खतरा तो फिलहाल टला है लेकिन ग्रामीणों को कटान का डर सता रहा है। बीते 24 घंटे में 05 सेंटीमीटर तक जलस्तर में कमी आई है

कछला गंगा नदी के मीटर गेज के अनुसार 5 सेंटीमीटर पानी 24 घंटे में कम हुआ है, जबकि 25 सेंटीमीटर पानी 48 घंटे में कम हुआ है। धीमे-धीमे स्तर कम होने लगा है। साधारण बाढ़ की जो स्थिति गंगा नदी में बनी हुई थी, वह खत्म हो गई है। कटान को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारी भी अलर्ट हैं, हालांकि अभी कहीं से कटान की कोई सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहीं मिली है, लेकिन विभागीय अधिकारी गंभीरता से नजर बनाए हुए हैं।


कछला गंगा नदी का मीटर गेज।

### आंकड़े की नजर में

- 97022क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया
- 45037 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया
- 105417 क्यूसेक पानी नरौरा बैराज से छोड़ा गया

> गंगा नदी में जलस्तर धीमे- धीमे कम हो रहा है। पहाड़ों पर पानी का दबाव कम होने के बाद गंगा नदी में भी जलधारा सिमटने लगी है, लेकिन सिंचाई विभाग कड़ी निगरानी कर रहा है। **-शमशेर सिंह, अधिशासी अभियंता, सिंचाई**

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन बच्चे समेत पांच घायल

अलीगंज अमृत विचार : कायमगंज रोड स्थित फायर स्टेशन के पास शनिवार को कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर दंपति और तीन बच्चे थे जो टक्कर लगने के बाद घायल हो गये। उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया है। वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार मैनपुरी के करहल से बुआ के घर जिला फर्रुखाबाद के गांव पतीयापुर में नामकरण संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। शनिवार दोपहर 12 बजे के कायमगंज रोड स्थित फायर अगला के पास पहुंचें। वहीं पर सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार घायल अजब सिंह, पत्नी गुड़िया, बेटी अनुष्का, सात साल के राजकिशोर, दो साल के देव प्रताप को स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। दंपति की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर लगाम लगे



**कासगंज,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल ने बाग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओं के साथ किए जा रहे अमानवीय कृत्य और अत्याचार पर रोष व्यक्त किया है। डीएम को ज्ञापन देकर प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लगाम लगवाए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष संजय प्रजापति ने कहा कि बांग्लादेश में अराजकता का माहौल है। अ भारतीय किसान यूनियन प्रधानमंत्री से मांग करती है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर सरकार हस्तक्षेप करे। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग का ज्ञापन डीएम मेधा रूपम को दिया। कुंवरपाल सिंह, अरविंद गोला, रघुराज सिंह, अनंत कुमार, राजवीर सिंह शाक्य, नीतेश कुमार, सत्येंद्र, धर्म सिंह, रामप्रकाश प्रजापति, राजकुमार पुजारी, सतीश चंद्र प्रजापति, सत्यपाल, मोहित कुमार, नौरंगी लाल शाक्य, महेंद्र, जीवराम, वीरेंद्र सिंह, मोहकम सिंह, सेवाराम, लाल सिंह मौजूद रहे।

### मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान ,नमूने भरे



**कासगंज, अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जनमानस में सुरक्षित खाद्य पदार्थ पहुंचाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। टीम ने छह मिष्ठान भंडारों की दुकानो से नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे हैं। टीम की इस छापामार कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त सुनील कुमार और मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आंनद कुमार देव के नेतृत्व में टीम का गठन कर अलग अलग क्षेत्रों में छापेमारी की गई। खाद्य सुरक्षाधिकारी अनिल कुमार गंगवार ने अमांपुर क्षेत्र में छापेमारी की। टीम ने अमांपुर स्थित फौजी स्वीट्स हाउस की दुकान से बूंदी लड्डू का नमूना संग्रहित किया।

### निःशुल्क वितरण को आए राष्ट्रीय ध्वज की हुई बिक्री

**कासगंज, अमृत विचार :** आंगनबाडी केंद्रो पर स्वतंत्रता दिवस पर वितरण को आए नि :शुल्क राष्ट्रीय ध्वज देने के नाम पर प्रत्येक परियोजना केंद्र से दस- दस हजार रुपए लिए गए, जबकि परियोजना केंद्रो से आंगनबाड़ी कार्यकत्री को 30 -30 रुपए लेकर बिक्री की गई। इस बात का खुलासा गंजडुंडवारा परियोजना पर तैनात एक सुपरवाइजर और आंगनबाडी कार्यकत्री के पति की दूरभाष पर हुई वार्ता की आडियो वायरल होने के बाद हुआ है। स्वतंत्रता दिवस पर हर आंगनबाडी केंद्र पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपी गई थी। लेकिन बाल विकास विभाग ने इसमें भी खेल कर दिया। वायरल हुई गंजडुंडवारा सुपरवाइजर और आंगनबाडी कार्यकत्री के पति की फोन पर हुई वार्तालाप में साफ कहा गया है जिले पर हर परियोजना से झंडे पर दस हजार मांगे जा रहे हैं। हम 30- 30 रुपए ले रहे हैं। हर कोई आंगनबाडी नहीं दे रही है। 350 आंगनकाड़ी है। इतने ही झंडे मिले हैं। डीपीओ से लेकर सुपरवाइजर तक एक दूसरे को अपनी अपनी सफाई पेश कर रही हैं।

### शिक्षकों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं



**एटा अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एटा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत प्रवीण कुमार फौजी का संसाधन केन्द्र पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकपाल सिंह यादव द्वारा की गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी साथी संगठन में विश्वास बनाए रखें, संगठन हर कीमत पर शिक्षक हितों की रक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित है। किसी भी कीमत पर शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान शशिकांत शर्मा एवं महामंत्री अभिलाष अटेवा के जिला संयोजक ओमेंद्र प्रताप एवं महिला जिला संयोजिका सौरभ मिश्रा शिल्पी उमेश प्रताप दिनकर, भानु प्रताप, अनिल कुमार जाटव, लालता प्रसाद, प्रदीप गौतम, अतीत राना वीरपाल सिंह जाटव, आदि उपस्थित रहे।

# पिछड़ों -दलितों का अधिकार हड़पना चाहती है सरकार : श्याम लाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



समाजवादी पार्टी की संविधान मान स्तंभ सभा में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का फूल माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को समाजवादी पार्टी की संविधान मान स्तंभ सभा शहर के अमांपुर रोड स्थित गार्डन में हुई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर दलितों, पिछड़ों का अधिकार छीनने का आरोप लगाया। अधिकार के लिए एकजुट रहने का आहवान किया। प्रथम बार पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भाजपा की तानाशाही सोच और पिछड़े, दलितों के अधिकार हड़पने के लिए रवैये ने देश को संविधान की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया है। भाजपा की सरकारें आम जनता के अधिकारों पर डाका डाल रही हैं। वोट और जाति की राजनीति कर रही हैं। भाजपा दलितों और पिछड़ों का वोट लेने के बाद उनकी कद्र नहीं करती। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें। समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाएं।

प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि संविधान सभी को समानता का अधिकार दिलाता है। संविधान नहीं होता तो आज भी दलित और पिछड़ों के साथ अत्याचार होता। सांसद देवेश शाक्य एवं सपा के जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व मंत्री मानपाल सिंह, विधायक नादिरा सुल्तान ने भी सभा को संबोधित किया। पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, सत्यभान सिंह शाक्य, सोरन सिंह बघेल, हसरत उल्ला शेरवानी, प्रवेंद्र राणा, संतोष यादव, कैलाश यादव प्रधान, विनोद बघेल, मनोज यादव, अविनाश, देवप्रकाश लोधी, मुनेंद्र शाक्य, दिनेश शाक्य, चाहत मिया, परवेज जुबैरी, गौरव यादव, डा. महाराज सिंह, कमल सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक के आवास पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष



**सहावर, अमृत विचार :** यूपी के समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शनिवार को कस्बा सहावर मोहल्ला चौधरी स्थित पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत के आवास पर पहुंचे। जहां सपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत पूर्व विधायक नजीब खान जीनत व उनकी पुत्री नाशी खान चेयरमैन नगर पंचायत सहावर ने जिले में प्रथम बार आने पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया इस दौरान नाशी खान टीम के समर्थकों व सपा कार्यकर्ताओं ने भी उनका फूल मालाओं को पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रमुख युसुफ खान,मुनेंद्र यादव,श्याम बाबू,मौ0 हासिम सैफी,मो0 असलम कुरैशी,फैसल खान, मुशीर अहमद कुरैशी ,यासीन खान,रुस्तम कुरैशी,शावेज़ अहमद, फखरुल इस्लाम एडवोकेट,सन्नू खान,शोएब कुरैशी,रफत कुरैशी,सलीम अहमद,गुड्डू,शोएब जकारिया,समीर अहमद,आमिर खान,हारून कुरैशी,सरताज कुरैशी,शकील कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर 135 शिकायतों में 14 का हुआ निस्तारण

**एटा, अमृत विचार :** जिले में तीनों तहसीलों में हुए समाधान दिवस में 135 शिकायतें आईं। डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी श्याम नारायण सिंह सीडीओ डा. एके बाजपेयी की उपस्थिति में मौजूद अफसरों ने भी जनता की शिकायतें सुनीं। मौके पर 14 शिकायतों का निरस्तारण हो पाया। डीएम ने अफसरों को शिकायतों का समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में वरासत, भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण के बाद नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील जलेसर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। अलीगंज तहसील में 26 शिकायतों में से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील एटा सदर में जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त 58 शिकायतों में से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# स्कूलों में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधी राखी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


पूर्व माध्यमिक विद्यालय होडलपुर में छात्राओं द्वारा बांधी रखी दिखाते छात्र ● अमृत विचार

- स्कूलों में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व
- विद्यार्थियों को बताया गया राखी और त्योहार का महत्व

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले मे स्कूलों में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। छात्राओं ने छात्रों के मस्तक पर रोली और अक्षत लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। छात्रों ने भी उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें उपहार दिए। लघु नाटिका प्रस्तुत कर बच्चों ने धन से ज्यादा संबंधों को महत्व देने का संदेश दिया।

एसबीएसएन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने छात्राओं से राखी बंधवाई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय होडलपुर में हुए रक्षाबंधन कार्यक्रम में पूर्व सहायक अरुण प्रतापसिंह ने त्यौहार का महत्व बताया। बालिकाओं ने बालकों के रोली से तिलक कर उनके राखी बांधी और दीर्घायु की कामना की। अरविंद कुमार पाल ने कहा कि बच्चे रिश्तों को समझें, अर्थवादी न बनें। प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमारी ने भी बच्चों को आशीष वचन कहे। सोरों के एनआर पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया। छात्राओं ने छात्रों के राखी बांधी। प्रबंधक विवेक राजपूत ने रक्षाबंधन पर्व प्रकाश डाला। जयपुरिया स्कूल, सैम्फोर्ड पब्लिक स्कूल, गौरीशंकर शारडा जूनियर हाईस्कूल, सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल, छेदालाल जूनियर हाईस्कूल, बीएस डायनामिक पब्लिक स्कूल, क्रिड्स प्ले स्कूल, शिशु भारती स्कूल में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।


शहर के एसबीएसएन पब्लिक स्कूल में छात्रों के रक्षा सूत्र बांधती छात्राएं ● अमृत विचार

# प्रधानाध्यापक पर आंबेडकर का चित्र फाड़कर कूड़े में डलवाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार :** विकास खंड सहावर के गांव प्रतापपुर नियाजुल निशा के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानध्यापक पर गांव के ही व्यक्ति ने आंबेडकर का चित्र फाड़कर कूड़े में डलवाने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देने एवं पति पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। घटना पर आजाद समाज पार्टी एवं भीम अर्मी एकता मिशन ने बीएसए को ज्ञापन देकर शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा बीएसए सूर्यप्रताप सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि उक्त विद्यालय की प्रधानध्यापक ने 15 अगस्त को डा. भीमराव आंबेडकर का चित्र फाड़कर कूड़े में फेंकवा दिया। जब गांव के कन्हई लाल पुत्र गजराज सिंह नेइसका विरोध किया तो शिक्षका ने उन्हें गाली गलौज करते हुए जातिसूचक गालियां दी।

घटना पर आक्रोश जताते हुए प्रधानध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। विशाल कुमार, मुकुल, बृजभूषण भारती, गौरव कुमार, पुष्पेंद्र, हरिओम, दीनदयाल आदि रहे।


बीएसए को ज्ञापन देते आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता मिशन के पदाधिकारी।



## सादगी ही जीवन है...

आईएएस बनना और सेवाओं को पूरा कर फिर सामान्य जीवन में लौट जाना हर किसी अफसर के लिए आसान नहीं। सालों तक खास और आमजन की भीड़ से घिरे रहने के बाद जब आईएएस सेवानिवृत्त होता है तो उनकी जीवनशैली बदल चुकी होती है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रमेश चंद्र पाठक ने सादगी का जीवन चुना और आजकल नैनीताल के भवाली के पास फरसौली गांव में सामान्य जीवन बिता रहे हैं। वह अपना भोजन बनाने से लेकर खेती-किसानी तक स्वयं करते हैं। वह उत्तर प्रदेश में विभिन्न पदों पर रहे हैं। बरेली में मुख्य नगर अधिकारी भी रह चुके हैं। उत्तराखंड में चंपावत के जिलाधिकारी, श्रमायुक्त और शासन में सचिव रहे हैं।

**फोटो : संजीव भगत, भवाली।**

## बटेश्वर घाट पर यमुना में डूबने से दो भाइयों की मौत

**आगरा।** फिरोजाबाद जिले के ग्राम नौशेहरा के बंटू ने शनिवार को बटेश्वर में भंडारा किया था जिसमें गांव के नरेश कुशवाह के बेटे आर्यन (15), वंशी (16) अपने चाचा राजेश के साथ शामिल होने आए। तीनों नहाने को यमुना नदी में कूदे और गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों ने राजेश को सुरक्षित निकाल लिया। दोनों किशोरों को अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया।

**व अदालत उपजिलाधिकारी फरीदपुर जिला बरेली**
**वाद सं. T202212130305224**
**राजीव कुमार आदि सन् 2022 बनाम सरदार दर्शन सिंह आदि**

मुद्दालय बनाम सरदार दर्शन सिह वयस्क पुत्र कतार सिह निवासी बरेली हाल निवासी फरीदपुर जिला बरेली व मुकुट बिहारी लाल पुत्र श्री बृन्दावन व वेद प्रकाश पुत्र वृन्दावन विवेक गुप्ता दत्तक पुत्र राम निवास व मुन्नी देवी पत्नी रामनिवास व सुभाष चन्द्र गुप्ता व राकेश चन्द्र गुप्ता व अनिल कुमार गुप्ता व सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व. श्री अनोखे लाल व गौरव गुप्ता व गौरांग गुप्ता पुत्रगण गिरिश चन्द्र गुप्ता व गीता गुप्ता पत्नी गिरीश चन्द्र गुप्ता समस्त निवासीगण मोहल्ला फर्रखपुर कस्बा व तहसील फरीदपुर जिला बरेली व ग्राम पंचायत फर्रखपुर मझौआ कस्बा व तहसील फरीदपुर जिला बरेली द्वारा सम्बन्धित प्रधान व राज्य सरकार उ.प्र. कलेक्टर महोदय जनपद बरेली।

चूंकि मुसम्मी राजीव कुमार आपके नाम एक नालिश वास्ते धारा 144 U.P.R.C. के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 31.08.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज तारीख 16.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी फरीदपुर जिला बरेली**

## कार्यालय उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय
### सशस्त्र सीमा बल (SSB), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, पीलीभीत

**आवश्यकता है**

उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB) पीलीभीत के कार्यालय की स्थापना हेतु किराये पर पीलीभीत शहर अथवा आस-पास के क्षेत्र में ऐसे भवन की आवश्यकता है, जिसका कि कुल क्षेत्रफल 10,000 वर्ग फुट से 16,000 वर्ग फुट हो तथा जिसमें कि 8 से 12 बड़े कमरे, 2 से 4 हॉल, 3 से 4 शौचालय, 10-12 गाड़ी खड़ी करने हेतु स्थान, बड़ी गाड़ी जाने के लिए रोड, चारदीवारी एवं कुछ खुली जगह हो। इच्छुक व्यक्ति दूरभाष सं. 9412911941 एवं 05882-297143 पर सम्पर्क करें अथवा किसी भी कार्य दिवस में 10 दिन के अन्दर सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), 10 कुंवरगढ़, निकट दुधिया मंदिर रोड, पीलीभीत में सम्पर्क करें।

**उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), पीलीभीत**

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2024-25/969 दिनांक: 17.08.2024

पेराई सत्र 2024-25 में निम्न सामग्री की आपूर्ति एवं कार्यों हेतु अनुभवी पार्टियों से निविदायें अंकित तिथि तक सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति निर्धारित मूल्य जमा करने के उपरांत निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है।

दि.: 29.08.2024 (1) एयर कम्प्रेशर सामान की आपूर्ति व एएमसी कार्य रू. 5000/- (2) वैकुम फिल्टर कार्य रू. 5000/- (3) लाइटिंग सामानों की आपूर्ति रू. 5000/- (4) गनी बैग टैग की आपूर्ति रू. 5000/- (5) सीड सलरी एंड एंटीफोम की आपूर्ति रू. 2000/-।

दि.: 30.08.2024 (1) ब्रेविज स्पेयरों एवं लोड सेल की आपूर्ति रू. 10000/- (2) ब्रेविज ए.एम.सी. कार्य रू. 5000/- (3) सिलाई मशीन स्पेयर्स की आपूर्ति रू. 5000/- (4) लैब कैमिकल उपकरण की आपूर्ति रू. 2000/- (5) विभिन्न स्टेशनरी आपूर्ति रू. 5000/- (6) प्रिन्टिंग कार्य रू. 5000/-

दि.: 31.08.2024 (1) विभिन्न मैन्यूफैक्चरिंग सफाई व अन्य कार्य रू. 1000/- प्रति (2) लोडिंग व अनलोडिंग कार्य रू. 1000/- (3) ब्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों व धुलाई कार्य रू. 2000/-।

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबन्धक**

# मुख्य सचिव के सामने उद्यमियों किसानों ने रखीं अपनी समस्याएं

**बरेली कार्यालय**



संवाद एवं समाधान कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** संवाद और समाधान कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सामने बरेली-मुरादाबाद मंडल के उद्यमियों, किसानों, निर्यातकों ने समस्याएं गिनाईं। भ्रष्टाचार, सुनवाई न होने समेत कई मुद्दे उठाकर अफसरशाही की बखिया भी उखेड़ी। मुख्य सचिव ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक समस्याओं को सुना। कई जिज्ञासाओं का समाधान किया और कई मामलों का समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

प्लाईवुड मैन्युफक्चरिंग वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव दीपक अग्रवाल ने लकड़ी पर मंडी शुल्क में छूट मिलने की मांग की। कहा कि निजी जमीनों पर लगे पेड़ों को काटने, बेचने में पुलिस, वन विभाग और यातायात पुलिस परेशान करती है, इससे निजात दिलाई जाए। बिजली की समस्या भी उठाई। सुधीर अग्रवाल ने कहा कि, चावल उद्योग संकट में है। मिलर्स परेशान हैं। तीन साल से हाईब्रिड धान का लाभ मंडल के एक भी मिलर्स को नहीं मिला है। सब्सिडी प्राप्त करने के लिए इकाइयों के आवेदन के बाद भी अभी तक लेटर ऑफ कंफर्ट जारी नहीं हुआ है। प्रगतिशील किसान अनिल स्वामी ने कहा कि रुहेलखंड में ड्रैगन, चीकू, अनार आदि की पैदावार अच्छी हो रही है, मगर पौधा महंगा है, इससे इंपोर्ट करने में परेशानी होती है। संभव शील ने कहा कि जीएसटी की टीम प्रतिष्ठानों में जिस तरह से छापा मारकर कार्रवाई करती है, उससे व्यापारी डरे, सहमे हैं। मोबाइल बंद कर देना, शटर गिराकर जांच करना सही नहीं है।

## ...सुझाव पहले पता नहीं चले, मुझे अफसोस है

बरेली, अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पीलीभीत के भरा पचपेड़ा क्षेत्र में यूपीसीडा का औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर उद्योग के लिए उद्यमी यूपीसीडा विभाग से समन्वय कर सकते हैं। जेसीबी से ईंट भट्ठों पर गारा बनाने में कार्रवाई नहीं करने की बात कही। शासन ने बंद पड़ी 20 टैक्सटाइल मिलों को चिह्नित कर लिया है। उन्हें यूपीसीडा को देकर औद्योगिक प्रयोग में लाया जाएगा, जो सुझाव दिए गए हैं, पहले से पता नहीं थे, इसका मुझे अफसोस है। कार्रवाई कराएंगे। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि पॉलिसी से संबंधित समस्याओं को शासन में भेजने पर जल्द से जल्द समाधान किया जाता है। मंडलीय समस्याएं जो भी बताई गई हैं, उनका हल कराने का आश्वासन दिया। कहा कि मंडलीय और जिला उद्योग बंधु की बैठकों में भी समस्याएं सुनकर समाधान किया जाता है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर बरेली**
वाद सं. 7424/2021 T-202112130107424

1. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी चेतन्य प्रकाश 2. अरविन्द कुमार पुत्र चेतन्य प्रकाश निवासीगण ग्राम चन्दपुर बिचपुरी तहसील व जिला बरेली **बनाम** 1. राजेन्द्र सिंह पुत्र राममूर्ति 2. तुरसी राम पुत्र राममूर्ति 3. प्रताप सिंह पुत्र राममूर्ति निवासीगण ग्राम अदकटा बुनियादी परगना तहसील व जिला बरेली 4. सुरेश बाबू पुत्र मुन्ना लाल 5. नन्हें लाल पुत्र मुन्ना लाल 6. छोटे लाल पुत्र मुन्ना लाल 7. लीलावती पत्नी मुन्ना लाल 8. ओम कुमारी पत्नी सत्यपाल 9. ओमवती पत्नी बाबू राम 10. भगवान दास पुत्र जानकी प्रसाद 11. रामगोपाल पुत्र जानकी प्रसाद 12. श्याम लाल पुत्र ख्याली राम समस्त निवासीगण भगवानपुर धिमरी तहसील व जिला बरेली 13. ग्राम सभा ग्राम प्रधान अदकटा बुनियादी परगना तहसील व जिला बरेली **धारा 24 उ.प्र. राजस्व संहिता आराजी ग्राम अधकटा बुनियादी तहसील व जिला बरेली नियत तिथि 04.09.2024**

दरखास्त मुसम्मी पुष्पा देवी आदि ने वास्ते हुकम सर्टिफिकेट वसूल दर्ज व किफायत जाये याफवाती मुसम्मी श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी चेतन्य प्रकाश व अरविन्द कुमार पुत्र चेतन्य प्रकाश निवासीगण ग्राम चन्दपुर बिचपुरी तहसील व जिला बरेली मुसवर्फा अपने व मुजिव एक्ट 7 सन् 1883 ई.। हरगाह मुसम्मी पुष्पा देवी आदि ने दरखास्त हुकुम सर्टिफिकेट और तारीख 04.09.2024 वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकरर की है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखास्त हाजा की निसवत कोई उजर हो असालतन या वकालतन बतारीख 04.09.2024 पेश होकर दरखास्त हाजा की निसवत उजर पेश करें दरसूरत इनकाजे तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म दिवस दरखास्त हाजा सादिर होगा। आज बतारीख 17.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आदेशानुसार:- न्यायालय उप जिलाधिकारी, सदर बरेली**

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां, जनपद- बदायूं

पत्रांक: 52/न.पं.उसा./2024-25 दिनांक: 17.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार खण्ड- 07, उ.प्र. कार्यालय पत्र संख्या- 4/319/स्व.शौ./2022-23, लखनऊ दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या- 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत मैनुअल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत उसावां सीमान्तर्गत स्थित समस्त 11 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण कार्यालय नगर पंचायत उसावां में उपस्थित होकर श्री सचिन सक्सेना, कार्यालय लिपिक, से सम्पर्क कर वर्तमान में संचालित अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकते हैं। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण / चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**देवेन्द्र प्रताप गौतम**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां**
**जनपद-बदायूं**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां**
**जनपद-बदायूं**

# 27 करोड़ रुपये से बदायूं में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बदायूं के बरसुआ में बनाया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने डीपीआर बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा है। इस स्कूल में विश्वस्तरीय सुविधा होंगी। इसकी सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है।

उझानी के बरसुआ में बनने वाले मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में प्री प्राइमरी से 12 वीं तक की पढ़ाई होगी। दो मंजिला स्कूल भवन होगा। एक डोरमेट्री, मल्टीपर्पज हाल, बाल वाटिका, कर्मचारी आवास, प्रधानाचार्य आवास होगा। विद्यालय का डिजाइन मेमर्स माथुर एंड डेनियल ने तैयार किया है। विद्यालय में हर कक्षा में कम से कम तीन सेक्शन होंगे। प्रत्येक कक्ष के लिए स्मार्ट क्लास होगा। रोबोटिक्स मशीन, लर्निंग सेंटर होगा। कक्षा 1 से 8 तक के लिए कंपोजिट विज्ञान एवं गणित की प्रयोगशाला, कक्षा 9 से 12 तक रसायन, भौतिक विज्ञान के लिए माड्यूलर प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, लैंगवेज लैब, सभी कक्षाओं के लिए अलग- अलग पुस्कालय, खेल मैदान, ओपन जिम, सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरा, वाशिंग रूम होगा।

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां, जनपद- बदायूं

पत्रांक: 53/न.पं.उसा./2024-25 दिनांक: 17.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत उसावां जनपद बदायूं की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसावा जनपद बदायूं की सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 20 किलोग्राम या उससे अधिक प्रतिदिन कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थान एवं व्यक्ति स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जायेंगी। सभी ठोस कचरा उत्पादक गीले कूड़े से खाद बनाने का कार्य करेंगे एवं जिनका निकाय द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य किये जाने पर प्रोत्साहन देने हेतु पुरस्कृत किया जायेगा।

**देवेन्द्र प्रताप गौतम**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां**
**जनपद-बदायूं**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां**
**जनपद-बदायूं**

## आईटीआई में प्रवेश की तिथि बढ़ाई

**बरेली।** राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण में प्रवेश के लिए छात्र 20 अगस्त रात 12 बजे तक प्रवेश ले सकेंगे। अभ्यर्थियों को अपने सभी प्रपत्रों के साथ संबंधित या चयनित राजकीय या निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में समय पर पहुंचना होगा।

## 10 हजार रिश्वत लेते पकड़ा जेई

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर के नगला अनिरुद्ध गांव में राहुल भारद्वाज के खेतों से हाई टेंशन लाइन हटाने के नाम पर के जेई रामयज्ञ ने 10000 रुपये रिश्वत मांगी। राहुल ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई थी। टीम ने योजना बनाकर राहुल को भेजा। जैसे ही जेई ने रुपये लिए टीम ने पकड़ लिया। फिर उनके हाथ धुलवाए गए तो हाथ रंग गए।

## रविवार को भी होगा राखी का वितरण

बरेली : डाक विभाग रविवार को भी राखी का वितरण जारी रखेगा। प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर सुमनेश कुमार ने बताया, राखी वितरण की तैयारियां की जा रही हैं।

**न्यायालय श्रीमान् अपर सिविल जज (जू.डि.)**
**कक्ष संख्या- 3, बरेली**

मूलवाद संख्या- 438/2017
श्रीमती निर्मल कपूर आदि बनाम डॉ. श्याम मनोहर वॉस

**नोटिस बनाम**

डॉ. श्याम मनोहर वॉस व्यस्क पुत्र श्री भगवत सरन वॉस निवासी सी-26, राजेन्द्र नगर, परगना व तहसील व जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी श्रीमती निर्मल कपूर आदि ने आपके नाम एक नालिश वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा दुकान स्थित मोहल्ला बिहारीपुर कहरवान के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप वतारीख 05.09.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा में बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा में फैसला होगा। आज बतारीख 14.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**अपर सिविल जज (जू.डि.) कक्ष संख्या 3, बरेली**

## कार्यालय अधीक्षण अभियनता
### 47वाँ (वि0/ यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अति अल्पकालीन निविदा)**

पत्राता: 2034/3डब्लू0ई0 (बरेली)- 47/22024 -25 दि-09/8/2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन अति अल्प कालिन निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम सें दिनांक 20.08.2004 प्रातः 11.00 बजे से 27.08.2024 में ही अपरान्हन 12.00 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होना अथवा छुट्टी होने की दशा में बिड उसी क्रम में समय अनुसार अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रू0 (लाख) | धरोहर धनराशि रू0 (लाख) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित | क्षेत्र का नाम | सम्बधित अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | निविदा हेतु पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 2 | जनपद बरेली में फरीदपुर-बीसलपुर मार्ग से मेहत्तपुर तिजासिंह खनपुरा होते हुए मढैया मार्ग पर पोल शिफ्टिंग का कार्य। | 110.20 लाख+ जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 7.51 लाख | 04 माह | 2000+300+54 =2354 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0 खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | 47व वि0/यॉ वृत्त, लो0नि0 वि0 मुरादाबाद | मुख्य अभियन्ता वि0/यॉ0 खण्ड लो0नि0वि0 लखनऊ | विद्युत सुरक्षा का लाइसेंस एवं समान कार्य का अनुभव अनिवार्य |

निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनाक 20.08.2024 प्रात 11 बजे से दिनाक 27.06.2004 दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक निविदादता अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर लॉगिन करें।

शासनादेश सं0 1/2016/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2071(22)- दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदातादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/ शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर है।

UP - 218410 दिनांक 14.08.2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in, **पर उपलब्ध है।**

**(अनिल कुमार)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0**
**बरेली**

**(संदीप कुमार सक्सेना)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**47वॉ/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0**
**मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बा भगतानगला वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंगध्मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 21/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 22/8/2024 को 03:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- सतीश** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाजपुर वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंगध्मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 22/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 23/8/2024 को 03:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- मो. आरिफ** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ह्मूपुर चमरपुरा वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 21/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 22/8/2024 को 01:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- सुरैईया** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमनपुर वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 22/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 23/8/2024 को 05:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- मो. नाजिम खान** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर खल्ली वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 21/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 22/8/2024 को 05:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- नाजमीन बेगम** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर ताहिर खेड़ा वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 21/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 22/8/2024 को 11:00 AM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- सालिम** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सकतपुर वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 23/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 24/8/2024 को 03:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- सविता** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरैशपुर वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 23/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 24/8/2024 को 05:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- राजमाला** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लौहरपुरा वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 23/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 24/8/2024 को 01:00 PM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- पूनम** **नवीन कुमार- सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दानपुर वि.क्षे. दहगवां बदायूं

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में राज्य/केंद्र वित्त मनरेगा, SBM (G) निष्पादन अनुदान आदि योजनाओं के अंतर्गत सी.सी./इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, नाली निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चौंबर निर्माण, सुरक्षा दीवार, पुलिया निर्माण, भवन निर्माण, आर.आर.सी. सेंटर निर्माण, एम.एस. कार्य, एस.एस. कार्य, हैडपंप कार्य, पीवीसी कार्य, मरम्मत कार्य, ह्यूम पाइप कार्य, सीसी टीवी कार्य, पी.ए.एस. कार्य, सोलर सिस्टम कार्य, स्मार्ट क्लास कार्य, कंप्यूटर कार्य, स्टेशनरी कार्य, तालाब जीर्णोद्धार, नाडेप/ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, शीतल पेयजल कार्य, डस्टबिन कार्य लाइट फिटिंग/मरम्मत कार्य, फैनसिंग कार्य, रीबोर कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, कचरा वाहन क्रय कार्य, दुकान निर्माण आदि कार्यो पर आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, MS Iron, SS सीमेंट, इंटरलॉक ईट, रोड, बजरी, पत्थर, मिट्टी, हैडपंप उपकरण, ह्यूम पाइप,जाली, बेंच, टीन, डस्टबिन, टाइल्स पी.वी.सी. आइटम, वाटर फिटिंग/चिलर आइटम, स्वच्छता उपकरण, कचरा वाहन आइटम, सीसी टी.वी, एल.ई.डी. टी.वी. आदि अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18/8/2024 से 23/8/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 24/8/2024 को 11:00 AM बजे समिति के समक्ष खोली जाएंगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान- सुरेशचन्द्र** **नवीन कुमार- सचिव**

# धार्मिक मामलों में सहिष्णुता



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है।

बांग्लादेश में हिंदू चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं। कत्लेआम जारी है। हिंदू महिलाओं के साथ बर्बरता के वीभत्स तरीके अपनाए जा रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार के चित्र कठोर से कठोर व्यक्ति को विचलित करने वाले हैं। बांग्लादेशी हिंदुओं का कोई भी काम न तो सेना के खिलाफ है और न ही सेना की कठपुतली कथित सरकार के खिलाफ। अंतर्राष्ट्रीय जिज्ञासा है कि इस रक्तपात की वजह क्या है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू आबादी का प्रतिशत पहले से ही घट रहा है। हिंदू आबादी का प्रतिशत घटने के कारण क्या हैं? दोनों देशों में हिंदू आबादी की संख्या अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा से घटी है। जोर जबरदस्ती का मतांतरण भी प्रमुख कारण है। मिशनरी लोगों से संबंधित साधारण घटनाएं भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनती हैं। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां अपना गैरकानूनी काम करती रहती हैं। उनके गलत काम का विरोध भी सारी दुनिया में चर्चा का विषय बनता है,मगर हिंदुओं की सुनियोजित हत्या पर भी कोई हलचल नहीं होती।

हिंदू थोक के भाव मारे जाते हैं, मारे जा रहे हैं। आखिरकार थोक के भाव हिंदुओं की हत्या अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के लिए कोई बड़ी घटना क्यों नहीं है? हिंदुओं की हत्या का मूल कारण है क्या? आहत मन कुछ मौलिक प्रश्न उठाते हैं। क्या हिंदू होना एक अभिशाप है? हिंदू सारी दुनिया का लोकमंगल चाहते हैं। हिंदुओं ने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया। केवल हिंदू होने के कारण ही वे मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। अबोध बच्चियों के साथ भी बलात्कार हो रहे हैं।

बांग्लादेश की सेना नियंत्रित सरकार हिंदुओं की रक्षा में असफल हुई है। हिन्दू उत्पीड़न के सरोकार बड़े हैं। भारत विभाजन के पूर्व मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग की थी। इस मांग को लेकर भी हिंदुओं का भयंकर रक्तपात हुआ था। 'डायरेक्ट एक्शन डे' के नाम से व्यापक नरसंहार हुआ था। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिंदू 84.44 प्रतिशत और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों के इस प्रतिशत में आज के पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमान भी शामिल थे। 1947 में भारत विभाजन हुआ। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना (1951) में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिंदू आबादी का अनुपात 87.24 प्रतिशत हो गया। यहां की मुस्लिम आबादी 10.43 प्रतिशत रह गई। 50 वर्ष बाद 2001 में भारत में जनगणना हुई। हिंदू आबादी घटी और 84.21 प्रतिशत रह गई। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। जनसंख्या के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान मांगा था। पाया था। अब एक और पाकिस्तान की जनसंख्या हो गई है। हिंदू इस सवाल को उठाते हैं तो उन्हें सांप्रदायिक कहा जाता है। हिंदू आबादी ही सर्वपंथ समभाव और लोकतंत्र की गारंटी है।

बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है। भारत के अधिकांश राजनीतिक दल हिंदू नाम के प्रयोग से डरते हैं। फिलिस्तीन को लेकर देश के सेकुलरपंथी दुख व्यक्त करते हैं,लेकिन हिंदू प्रजाति के खात्मे को लेकर मौन हैं। वाम दल भी हिंदू नरसंहार पर मौन हैं। समूची हिंदू जाति पर संकट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नागरिकता संशोधन कानून लाई थी। कट्टरपंथियों ने इसका विरोध किया था। वे हिंसक हो गए थे। बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें? क्या करें? पाकिस्तानी गैर मुसलमान और हिंदू भी उत्पीड़न के शिकार हैं। पाकिस्तान में भी हिंदू हिंसा का शिकार होते हैं। ईशनिंदा कानून में बड़ी सजा है। पाकिस्तानी सरकार हिंदुओं के विरुद्ध इसका इस्तेमाल करती है। संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार चार्टर भी बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा है। जाति, वंश, लिंग आधारित भेदभाव को निषिद्ध बताने वाला सेक्युलर हिंदू नरसंहार पर चुप है। प्रख्यात इतिहासकार डॉ. हर्ष नारायण ने लिखा है कि, "वास्तव में इस्लाम कहीं भी काफिरों के साथ सहअस्तित्व को न प्रोत्साहन देता है और न अनुमति। वह इसकी संभावना पर भी विचार नहीं करता।

हिंदू अपने चिंतन दर्शन में समूची धरती को परिवार मानते हैं लेकिन इस्लामी राजनीतिक चिंतन में इसकी कोई गुंजाइश नहीं। 'संस्कृति के चार अध्याय' (पृष्ठ 302) में रामधारी सिंह 'दिनकर' ने लिखा है कि, "भारत में इस्लाम का आरंभिक इतिहास मारकाट और खुरेंजी, धर्म परिवर्तन, अभद्रता और अन्याय का इतिहास है। मुसलमान एक आदर्श मजहब और एक सुगठित समाज में जिस प्रकार आबद्ध थे, उससे उन्हें अपार नैतिक बल प्राप्त होता था। इसके विपरीत हिंदुत्व ढीला हो चुका था। हिंदुओं के धर्म, आदर्श और सिद्धांत के अनेक रूप थे। फिर भी भारत में इस्लाम की धाक उस आसानी से नहीं जमी।" इस्लामिक कट्टरता नई बात नहीं थी और न ही हिंदू सहिष्णुता। दिनकर के अनुसार अलबेरूनी ने लिखा है कि, "हिंदू जन्मजात अहिंसक थे। अनेक धर्मों का स्वागत करते थे। वे धार्मिक मामलों में बहुत ही सहिष्णु हो गए थे। महमूद से पहले जो मुसलमान भारत आए थे उन्हें यहां के राजाओं ने अच्छा प्रश्रय दिया था।" हिंदू अपने सहिष्णु स्वभाव के कारण बढ़ चढ़कर नहीं लड़ते थे। दिनकर ने लिखा है कि "लड़ाई और मारकाट के दृश्य तो हिंदुओं ने बहुत देखे थे। उन्हें सपने में भी यह ख्याल नहीं था कि दुनिया की एकाध जाति ऐसी भी हो सकती है जो मूर्तियों को तोड़ने और मंदिरों को ध्वस्त करने में ही सुख माने। मुस्लिम आक्रमण के साथ मंदिरों और मूर्तियों पर विपत्ति आई। हिंदुओं का हृदय फट गया।"

मंदिरों और मूर्तियों पर हमले का लंबा इतिहास है। भारत में लाखों मंदिर ध्वस्त किए गए थे, लेकिन बात यहीं आकर समाप्त नहीं हुई। वे हिंदू समाज को समाप्त करने के मकसद से किसी भी तरह की लड़ाई पर आमादा रहे हैं। हिंदू और मुसलमान के बीच की दूरी पाट कर एक सहअस्तित्वपूर्ण समाज बनाने के अनेक उपाय किए गए। महात्मा गांधी ने हिंदू-मुस्लिम एकता का व्रत लिया था। अंत में उन्होंने लिखा कि, "हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रश्न पर मैं हार गया।" दिनकर के अनुसार इस्लाम केवल नया मत नहीं था। यह हिंदुत्व का ठीक विरोधी मत था। हिंदुत्व की शिक्षा थी कि किसी भी धर्म का अनादर मत करो। मुसलमान मानते थे कि जो धर्म मूर्ति पूजा में विश्वास करता है उसे नस्तेनाबूत कर देना चाहिए।"

प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार के अनुसार जीवन जीने का अधिकार है और अपने अंतःकरण के अनुसार मत, मजहब, रिलीजन को मानने का भी। बांग्लादेश के मामले में विचार या आस्था का कोई प्रश्न नहीं है। बच्चों और महिलाओं के अंग भंग करना, जान से मार देना सारी दुनिया को अनुचित और बर्बर लगा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया निराशाजनक है। हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा का संबंध रक्तपात करने में विश्वास करने वाली मानसिकता से है। हिंदू मारे जा रहे हैं और हम कुछ नहीं कर सकते। ऐसी विवशता और लाचारी हृदयविदारक है।

# आखिर क्यों हुआ विभाजन

बीते दिनों देश ने गौरवपूर्ण आजादी का उत्सव मनाया। पता नहीं पाकिस्तान ने क्या किया? मैंने कुछ अंतर्राष्ट्रीय टीवी चैनल एवं पाकिस्तानी चैनल को सुनने की कोशिश की यह जानने के लिए पाकिस्तान की इन 75 वर्षों में उपलब्धियां क्या रहीं? मुझे सुखद आश्चर्य हुआ यह जानकर कि लोग पाकिस्तान की उपलब्धियों का जिक्र करते समय भारत की उपलब्धियों का जिक्र कर देते है। बांग्लादेश एक विभीषिका में है। आजादी मिली सबको पर कैसे और किस कीमत पर! विभाजन सफल रहा या असफल, क्या विभाजन न होता तब बांग्लादेश की विभीषिका एवं त्रासदी टाली जा सकती थी,क्या पाकिस्तान क्षेत्र के पास भी उपलब्धियां होतीं, सकारात्मक।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

मन में एक ख्याल आया कि आखिर यह विभाजन हुआ क्यों? विभाजन की तमाम व्याख्याओं में मुझे जिन्ना का अहम भी दिखता है। जिन्ना स्वयं कहते हैं, होमरूल लीग में नेहरू ने हमारे मातहत काम किया। गांधी ने भी मेरे मातहत काम किया। इस वाक्य में अति अहंकार के सिवाय मुझे और कुछ नहीं दिखता अगर इन दोनों ने जिन्ना के मातहत कार्य कभी किया है तब भी। न्यूयार्क टाइम्स के संवाददाता जार्ज ईं जान्स जिनकी मुलाकात जिन्ना से बहुत हुई, अपनी पुस्तक टयूमलट इन इंडिया में जिन्ना के व्यक्तित्व के बारे में जो भी लिखते हैं उसमें जिन्ना की एकांतिकता, अहंकार, संकीर्ण दृष्टिकोण, संशयी प्रवृति की झलक मिलती है। रफीक जकारियां ने भी मैन हू डिवाइडेड इंडिया में काफी विश्लेषण करने का प्रयास किया कि कैसे जिन्ना राष्ट्रवादी से अलगाववलवादी हो गए।

इन सारी व्याख्याओं के साथ-साथ मुस्लिम लीग का चरित्र बहुत ही संजीदगी से समझने का भी प्रयास करना चाहिए। जिन्ना जमींदार न थे पर मुस्लिम लीग के सारे अगुआ बड़े-बड़े जमींदार और नवाब थे। यही मुस्लिम लीग को चंदा देने वाले लोग थे। इन मुसलमानों ने मुसलमान किसानों को हिंदू किसानों से अलग करने के लिए मजहब का सहारा लिया। मुस्लिम उच्च वर्ग और मध्यम वर्ग तो जिन्ना के झांसे में था पर संख्या पर्याप्त न थी। यह संख्या किसानों के आधार को विस्तारित किए बगैर पूरी नहीं हो सकती थी। मजहबी जोश भड़काकर पाकिस्तान का आधार विस्तारित एवं मजबूत किया जा सकता है और यही वह मंत्र था,जिससे पाकिस्तान बनने का आधार मजबूत हुआ। जिन्ना का धर्म से क्या लेना-देना। वह तो मुस्लिम धर्म की किसी भी मान्यता से कोई खास सरोकार रखते नहीं थे। वह शायद ही कभी मस्जिद गए हों। वह शरीयत में वर्जित कई सारे कार्य करते थे। वह न अरबी जानते थे न उर्दू। नैतिकता के धरातल पर अति कमजोर जिन्ना नैतिकता की आंच में तपे गांधी से मजहब के नारे के सहारे लड़ रहे थे।

गांधी विभाजन की बात आजादी के बाद करना चाहते थे,वह संयमी थे, पर जिन्ना आजादी से पहले विभाजन चाहते थे,वह जल्दी में थे। जिन्ना के नारे अजीब-अजीब थे। वह भारत में अंग्रेजों के रहते विभाजन चाहते थे। वह भी उस पर निर्णय मात्र मुस्लिम मतदाता ही करें। एक देश जिसकी आजादी में सबका खून बहा उसके विभाजन का फैसला एक ही वर्ग करे। एक पूर्णतः धार्मिक व्यक्ति एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र-राज्य चाह रहा था और एक धर्मविहीन व्यक्ति एक धार्मिक राज्य बनाने के लिए सिविल वार की धमकी दे रहा था।

हकीकत यह है कि जिन्ना के पास उस समय देने को बहुत था,पर गांधी के पास कुछ न था। ब्रिटिश सरकार पर दबाव डालने के लिए मुसलमानों का सहयोग गांधी जिन्ना के सहारे चाह रहे थे और जिन्ना इसके एवज़ में विभाजन चाह रहे थे। जिन्ना को आजादी की कोई जल्दबाजी न थी और गांधी यह मानते थे कि आजादी का यह उपयुक्त समय है। इतिहास बन रहा था, पर जिन्ना इतिहास फाड़ रहे थे और एक फटा इतिहास हमें विरासत में मिला। भारतीय राष्ट्र-राज्य की सफलता यह है कि हमने उस फटे इतिहास को अपनी उपलब्धियों से कलाकृत भी किया और अलंकृत भी।

# बांग्लादेश के वर्तमान हालात, दशा और दिशा

बांग्लादेश में छात्रों के विरोध से उपजी हिंसा और प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के इस्तीफे के बाद वहां राजनीतिक अस्थिरता का दौर जारी है। बांग्लादेश के राजनीतिक अतीत का विश्लेषण किया जाए तो प्रतीत होता है कि वर्तमान में बांग्लादेश में जो भी हालात हैं, उसके लिए पूर्ण रूप से बांग्लादेश के हुक्मरान ही जिम्मेदार हैं। 1971 से वर्तमान तक लोकतंत्र उनकी आदतों और जीवनशैली में शामिल हुआ ही नहीं है।

1971 के मुक्ति आंदोलन के पश्चात अस्तित्व में आए बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान ने भरसक कोशिश की कि बांग्लादेश को लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया जाए, लेकिन 15 अगस्त 1975 को सेना द्वारा शेख मुजीब की अधिनायक नीतियों के प्रत्युत्तर में तख्तापलट के पश्चात शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार की अधिकांश सदस्यों के साथ हत्या कर दी गई और बांग्लादेश की सत्ता पर सेना का कब्जा हो गया। 1988 में इस्लाम को राष्ट्र का धर्म घोषित कर देना और सेना द्वारा सत्तासीनो की हत्या कर बांग्लादेश की सत्ता हथियाना यहां की नियति बन गई है। बांग्लादेश के इतिहास में केवल चार बार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए हैं। चुनाव में धांधली, हिंसा और सत्ता का दुरुपयोग यहां आम बात है। दूसरे शब्दों में आज जो सत्ता में है कल वह जेल में होगा और जो कल जेल में था वह भविष्य में उसके सत्तासीन होने की संभावना है। यही बांग्लादेश का राजनीतिक भविष्य है। जिस हिंदुस्तान ने 1971 में



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

मानवीय परिपेक्ष्य से सोचने पर कभी-कभी लगता है कि पड़ोसी देशों के हिंदुओं को अपने देश की नागरिकता लेने का एक मौका दिया जाए आखिर क्यों वे हिन्दु होने का दंश झेलें।

बांग्लादेश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया और 1947 से पूर्व जो अविभाजित भारत का हिस्सा था, वही बांग्लादेश उस देश के लोकतंत्र से भी सबक न ले सका वरन उसने पाकिस्तान की ही भांति धार्मिक कट्टरपंथ राजनीतिक अस्थिरता की राह पर चलते हुए 1988 में इस्लाम को राज्य का धर्म घोषित किया। सत्ता की हनक पहले गैर धर्मावलंबियों को प्रताड़ित करती है और जब उनकी प्रताड़ना की हदें पार हो जाती हैं तो उसके पश्चात वह अपने ही धर्म के लोगों को भांति-भांति के भेदभावों से परेशान करती है। बांग्लादेश में यही तो हो रहा है। अब कट्टरपंथी ताकतें आपस में ही लड़ रही हैं और आम जनता को मोहरा बना रहे हैं।

देश की स्वतंत्रता के सूत्रधार जननायकों की मूर्ति तोड़ना मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। कुछ दिन पहले बांग्लादेश की प्रसिद्ध और निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन द्वारा लिखित लज्जा पुस्तक पड़ी। रोंगटे खड़े हो गए पुस्तक को पढ़कर की किस प्रकार हिंदू वहां पर प्रताड़ित किए जाते हैं। हम इस समय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से इस कदर जुड़े हुए हैं कि एक देश में एक वर्ग पर होने वाला अत्याचार का दूसरे पड़ोसी देश में किस सीमा तक प्रभाव पड़ता है, इसी का मार्मिक वर्णन इस पुस्तक में किया गया है। लोग क्यों भूल जाते हैं कि देश किसी जाति, धर्म या विशेष क्षेत्रवासियों का नहीं होता। देश सभी का स्वाभिमान और उस पर सबका बराबर अधिकार होता है और न्याय के सिंहासन पर बैठकर आप कैसे किसी एक वर्ग के या एक धर्म के हो सकते हैं।

भारत ने 15 अगस्त 2024 अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। भारतवासियों का सौभाग्य है कि उसे अपने स्वतंत्रता आंदोलन के जननायकों के अथक प्रयासों द्वारा एक ऐसा संविधान मिला, जहां लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी राज्य के लिए हर संभव प्रयास किए गए और स्वतंत्रता के पश्चात उत्तरोत्तर नायकों ने लोकतंत्र की नींव को पीढ़ी दर पीढ़ी इतना मजबूत किया कि पड़ोसी देशों में घोर अस्थिरता होने के बावजूद आज हम विकसित लोकतांत्रिक राष्ट्रों के समान लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं। भारत में कोई भी सत्ता आए या जाए, लेकिन लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्य हमेशा अक्षुण्ण रहेंगे, क्योंकि भारतवासी काफी हद तक तमाम तरह की विविधताओं के बावजूद एक सुंदर गुलदस्ते की भांति रहना सीख गए हैं। यही विविधता भारत की ताकत भी है, सुंदरता के साथ चुनौती भी है। भारत में अल्पसंख्यकों को जितने अधिकार और सुविधाएं हैं उतना हमारे पड़ोसी देशों में नहीं। वहां जब हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों के साथ अत्याचार होता है तो कलेजा कांप जाता है। 1971 में बांग्लादेश की कुल आबादी में 28 प्रतिशत हिंदू थे और अब महज 8 प्रतिशत हैं। यह आंकड़ा एक विशेष धर्म के प्रति एक राष्ट्र के संकीर्ण आग्रह की ओर अंकित करता है। मानवीय परिपेक्ष्य से सोचने पर कभी-कभी लगता है कि पड़ोसी देशों के हिंदुओं को अपने देश की नागरिकता लेने का एक मौका दिया जाए आखिर क्यों वे हिन्दु होने का दंश झेलें।

भविष्य का बांग्लादेश क्या रुख लाएगा? क्या बांग्लादेश मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के रूप में स्वतंत्रता के मूल्य की नई परिभाषाएं गढ़ेगा अथवा पूर्व के सत्तासीनो की भांति यह भी एक मुगालता साबित होगा, यह तो भविष्य ही बताएगा। बहरहाल हिंदुस्तान समस्त दक्षिण एशिया के लिए एक नजीर है, जिसकी ओर सभी आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं और दूसरी ओर संकीर्णताओं से ऊपर उठकर आजादी को स्वर्णिम आभा देने की अभी और दरकार है, जिससे इंडिया और भारत के अंतर को पाटकर सर्व समावेशी लोकतंत्र के पर्याय के रूप में विकसित राष्ट्रों के साथ उत्कृष्टता के साथ कदमताल किया सके और जहां विकास, पारस्परिक सौहार्द और भविष्य के भारत की संकल्पनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके।

# नहीं रुक रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा

कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ उसके कार्यक्षेत्र में हुए बलात्कार और हत्या के बाद देशभर में रोष है। लोग महिला सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं और साल 2012 में हुए दिल्ली गैंगरेप और मर्डर की तरह ही किए गए इस जघन्य अपराध के खिलाफ भी लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। महिला अधिकारों पर अपनी आवाज उठाते रहने वाले लोगों के अनुसार पोर्न एडिक्शन, वेब सीरीजों में परोसी जा रही अश्लीलता इसके लिए जिम्मेदार हैं वहीं नई पीढ़ी को शुरुआत से ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाना होगा। देहरादून की प्रीति थपलियाल लगभग दो दशक तक महिला समाख्या कार्यक्रम के साथ जुड़ी रही थीं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में साल 1989 में शुरू किए गए महिला समाख्या कार्यक्रम में काम करते हुए,उन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति को गौर से समझा था।



हिमांशु जोशी
टनकपुर

इन बढ़ती हिंसाओं को रोकने के लिए घर में नई पीढ़ी के साथ शुरुआत से ही लिंग भेदभाव पर काम किया जाना जरूरी है। लड़कों को बचपन से ही लड़कियों का सम्मान करना सिखाना होगा। भाई-बहनों के बीच शिक्षा, पहनावे, घर की साफ- सफाई, खेलकूद में कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए और माता-पिता को भी बच्चों के सामने एक-दूसरे सम्मान देना चाहिए। यदि पिता का व्यवहार माता के साथ ठीक नहीं रहता है, वह घर के कार्यों में अपनी पत्नी का सहयोग नहीं करता, परिवार के भले के लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं की नहीं सुनी जाती है तो इसका बच्चों के मन में विपरीत असर पड़ता है। घर के लड़के विपरीत लिंग के सामने खुद को श्रेष्ठ समझने लगते हैं और लड़कियां पहले ही यह समझ लेती हैं कि वह लड़कों से कमतर हैं और लड़के हर क्षेत्र में उनसे आगे हैं।

महिलाओं का यह दुर्भाग्य ही था कि 'महिला समाख्या कार्यक्रम' को सरकार ने साल 2015 में बंद कर दिया। भारत में कई जगह महिलाओं के खिलाफ होने वाले अधिकतर अपराधों का तो किसी को पता भी नही चलता, यह अपराध हर जगह होते हैं और इसमें उनका अपना घर भी शामिल होता है।

ये कृत्य तब तक होते रहेंगे जब तक स्त्री-पुरुष में एक दूसरे के अस्तित्व के प्रति सम्मान न हो। महिलाएं उपभोग व आनंद की वस्तु समझी जाएगी तो इनको सिर्फ कानून नहीं रोक सकते।

यहां मानसिक सोच बहुत बड़ा रोल निभाती है, आपको सोच और विचारों के साथ-साथ अपने व्यवहार में भी सम्मान लाना पड़ेगा। सिर्फ बातें करने से,भाषण देने से यह कभी नहीं रुक सकते हैं। इन अपराधों के दिन-ब-दिन खुलकर होने और पैशाचिक रूप लेने के पीछे सिर्फ कोई एक कारण नहीं है, बल्कि एक समूची अराजक विचारधारा, आपसी सम्मान न होना, सेक्स से संबंधित बातों पर ठोस मुद्दों के साथ बातचीत न होना, अश्लील साहित्य और मीडिया का आसानी से उपलब्ध होना जिम्मेदार हैं।

# क्यों होते हैं बलात्कार

बलात्कार होते क्यों हैं? इसकी जो वजहे मैं समझ सका हूं, पहली वजह तो बिगड़ा लैंगिक अनुपात है ही। जिस समाज में लड़कियों का पैदा होना ही मुश्किल हो। लड़कियां गिनती में लगातार कम होती जा रही हों, जो समाज लड़कियों को इंसान मानने में हिचकता हो वहां तो ये सब नहीं होगा तो क्या होगा? बलात्कार की वजह केवल सेक्स हो ऐसा भी नहीं। हैसियत, प्रभुत्व दिखाने की मनोवृत्ति भी है इसके पीछे। किसी का स्वाभिमान छीनकर उसका मनोबल कुचल देने की सोच भी इसकी कारक है। फिर हमारा पाखंडी चरित्र तो अपनी जगह है ही। हम जितने भले-भले दिखने की कोशिश करते हैं वैसे है ही नहीं। हम वो है, जो प्रवचन देते हुए बलात्कार करने की काबिलियत रखते हैं।





मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

कभी सोचा आपने हमारे तथाकथित सभ्य सुसंस्कृत समाज में बलात्कार की घटनाओं का प्रतिशत इतना ज्यादा क्यों है? पश्चिमी देशों मे ऐसी घटनाएं अपवाद जैसी हैं और तो और बस्तर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में ऐसी कोई बात सालों में कभी सुनाई पड़ती है। ये इसलिए, क्योंकि वे अपेक्षाकृत अधिक सहज व पारदर्शी हैं और हम नितांत पाखंडी किस्म की जमात है, जो कहती कुछ हैं और करती कुछ हैं।

लड़कियों के साथ होने वाले अनाचारों का पचानवें प्रतिशत परिचितों और रिश्तेदारों के खाते में हैं। रिश्तेदार भी कौन? दादा, बाप और भाई भी शामिल हैं इनमें। अब आप किससे उम्मीद रखेगें? चूंकि बलात्कारी घर के ही हैं तो नब्बे फीसदी मामले कभी दर्ज ही नहीं होते। लड़कियां मारे डर के खुद ही चुप हो जाती हैं या चुप करा दी जाती हैं। इन बलात्कारों व अनाचारों के गवाह अंधे बहरे और गूंगें होते हैं। खोट हमारी सोच में ही है।

हमें खुद समझना होगा। समझाना होगा अपनी लड़कियों को कि ये किसी कुत्ते के काट लेने, खरोंच पहुंचा देने से ज्यादा कुछ नहीं। कुत्ते के काट लेने में शर्मिंदा होने, मुंह छुपाने या मर जाने का सोचने लगने जैसा कुछ नहीं होता। लड़की का सम्मान लड़कों की ही तरह उसके व्यक्तित्व, बुद्धिमानी, व्यवहार कुशलता से, उसकी आत्मनिर्भरता से, उसके शिक्षित होने से जुड़ा होता है, बलात्कार एक दुर्घटना भर है, उसे इससे ज्यादा कुछ मानना अपनी ही लड़कियों को जहर दे देने जैसा है। बलात्कारी होना दिमागी खलल से ज्यादा कुछ है। हमारी पाखंडी सामाजिक व्यवस्था ही ऐसे मनोरोगी पैदा करती है। बलात्कारी के सर पर सींग नहीं होते। उसे अलग से पहचान पाना मुमकिन ही नहीं। कोई भी अच्छा भला दिखता आदमी बलात्कारी हो सकता है। इस बात का पूरा खतरा है कि ऐसा करने के बाद वो फांसी से बचने के लिए बलात्कार करने के बाद लड़की का गला भी घोट दे।

सही बात तो यह है कि हमारी पूरी पीढ़ी लड़कियों और महिलाओं से तमीज से पेश आने जैसे सबक सीख ही नहीं पाई और न ही हम अपने लड़कों को इस बाबत कुछ सिखा सके। क्या किया जा सकता है इसके लिए? लड़कियों को पैदा होने से रोकना हमें एक बलात्कारी समाज में बदल रहा है। बेहतर तो यह होगा। कन्या भ्रूण की हत्या करने, करवाने वाले को टांगे फांसी पर। ऐसे डॉक्टरों की डिग्री जप्त कर उन्हें जेल भेज दिया जाए। हम लड़कियों को आत्मरक्षा करना सिखाएं। वे निडर हों। जिस भी आंख में कुटिलता देखें, उसमें मिर्च का पाउडर झोंक सकें। वे पर्स में चाकू रखें और बदनियती से पेश आने वालों को दोबारा ऐसा करने लायक न छोड़े।

को एजूकेशन कंपलसरी हो ताकि लड़के लड़कियों को एलियन न समझे। हम अपने लड़कों पर निगाह रखें और उन्हें लड़कियों के साथ इंसानों की तरह पेश आने का पाठ पढ़ाएं। लड़कियों को उनके बाप की जायजाद में से उनका वाजिब हिस्सा देना अनिवार्य हो, जो न दे या लड़की के न लेने का बहाना बनाए उसकी जायजाद सरकार जप्त कर ले। लड़की का पर्स भरा होगा तो उसकी तरफ टेढ़ी नजर से देखने वाले दस बार सोचेंगे।

यही करना होगा। केवल कड़े कानून बनाने से बात बनती होती तो कभी की बन जाती। हमें तमीज सीखने की जरूरत है। ऐसा करने की आज सोचेंगे हम तब भी हमारे दिमागों में लगे जाले छूटने मे बीसियों साल लग जाएंगे। पूरे कुएं में ही भांग घुली हुई है। पूरा देश ही कोलकाता में तब्दील हो चुका अब। आप कितनों को फांसी पर टांगेगें?

# लंबे कार्य दिवस का प्रस्ताव कितना उचित

जुलाई में कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा। इस संशोधन में आईटी कंपनियों में मौजूदा 10 घंटे के कार्य दिवस के बजाय 14 घंटे के कार्य दिवस को मानकीकृत करने की मांग की गई। आईटी मजदूरों ने इस प्रस्ताव का जवाब, लगातार दो सप्ताह से अधिक समय से गेट मीटिंग और सड़क पर प्रदर्शन कर के दिया है। उनका मजबूत विरोध 3 अगस्त को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में हुए एक प्रदर्शन में तब्दील हुआ। प्रदर्शन स्थल के बैनर पर लिखा था। "हम मजदूर हैं,आपके गुलाम नहीं।" विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर्नाटक आईटी वर्कर्स यूनियन (केआईटीयू) ने किया। तमिलनाडु में आईटी उद्योग में मजदूरों के कल्याण के लिए काम करने वाले एक सक्रिय यूनियन, यूनियन ऑफ आईटी एंड आईटीईएस एम्प्लॉइज (यूनाइट) के प्रतिनिधियों ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। अन्य राज्यों के उद्योग यूनियनों से भी समर्थन मिला है। बेंगलूरु में लगभग 1500 आईटी कंपनियां हैं, जो हिंदुस्तान के सॉफ्टवेयर निर्यात में एक बड़े हिस्से का योगदान करती हैं। हिन्दुस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का सबसे तेजी से बढ़ने वाला हिस्सा है। आईटी उद्योग से पैदा होने वाला विशाल पूंजीवादी मुनाफा, कुशल कार्यबल के पसीने



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बेंगलूरु में लगभग 1500 आईटी कंपनियां हैं, जो हिन्दुस्तान के सॉफ्टवेयर निर्यात में एक बड़े हिस्से का योगदान करती हैं। हिन्दुस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का सबसे तेजी से बढ़ने वाला हिस्सा है।

और मेहनत का परिणाम है, जिसका अत्यधिक शोषण किया जाता है।

आईटी मजदूर पहले से ही प्रतिदिन 10 घंटे काम करते आए हैं,जो औद्योगिक मजदूरों के लिए मानक 8 घंटे के दिन से अधिक है। यह एक प्रचंड कार्य संस्कृति है,जो निर्धारित काम के घंटों के बाहर भी मजदूरों से लगातार उपलब्ध रहने की मांग करती है। उनसे 24 घंटे जुड़े रहने और उपलब्ध रहने की अपेक्षा की जाती है। इस क्षेत्र का अध्ययन करने वाली विभिन्न एजेंसियों की रिपोर्टों के अनुसार आईटी क्षेत्र के 45 प्रतिशत मजदूर डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं और 55 प्रतिशत बिगड़ते शारीरिक स्वास्थ्य से जूझ रहे हैं। यूनियन के अनुसार प्रस्तावित कानूनी संशोधन आईटी कंपनियों को 3-शिफ्ट से 2-शिफ्ट प्रणाली में जाने की अनुमति देगा। लगभग एक-तिहाई नियोजित मजदूरों को उनकी नौकरी से निकाल दिया जाएगा। आईटी उद्योग अपने "कभी भी नौकरी पर रखो और कभी भी नौकरी से निकाल दो" (हायर एंड फायर) श्रम प्रथाओं के लिए जाना जाता है। मजदूरों पर अपने खाली समय में अपने हुनर को बढ़ाने का लगातार दबाव रहता है यह लगभग असंभव है, क्योंकि उन्हें प्रतिदिन 10 घंटे काम करना पड़ता है और अपने घर व कार्यस्थल के बीच दो या तीन घंटे यात्रा करनी पड़ती है। इससे उन्हें मुश्किल से इतना समय मिलता है कि वे अगले दिन काम पर जाने योग्य हो सकें। अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव पूंजीपति मालिकों द्वारा रखा गया था और उनके कहने पर राज्य श्रम मंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में इस पर चर्चा की गई। प्रमुख यूनियन ने अतिरिक्त श्रम आयुक्त से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है,जिसमें मांग की गई है कि कार्य दिवस बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज किया जाए और जिन मजदूरों को काम से निकाल दिया गया है,उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। मजदूर कार्यकर्ता और यूनियन नेता आईटी उद्योग में काम करने की स्थितियों में भारी बदलाव की मांग कर रहे हैं, जिससे उचित वेतन, नौकरी की सुरक्षा और कार्य के उचित घंटे सुनिश्चित हो सकें। वे आईटी मजदूरों के शोषण को और तेज करने पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। काम के घंटे बढ़ाने का प्रस्ताव कर्नाटक के आईटी उद्योग तक ही सीमित नहीं है। यह अन्य राज्यों और क्षेत्रों में भी हो रहा है।

आईटी मजदूरों द्वारा आयोजित किए जा रहे विरोध प्रदर्शन से पता चलता है कि अकुशल और उच्च कुशल मजदूरों सहित, मजदूर वर्ग के सभी तबके पूंजीपतियों द्वारा उनके शोषण को बढ़ाने के प्रयासों का सामना कर रहे हैं। कार्य दिवस की आठ घंटे की सीमा एक अधिकार है,जिसे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर वर्ग ने पिछले कई दशकों के संघर्ष से जीता है। यह एक ऐसा अधिकार है,जो सभी मजदूरों का है,चाहे वे कुशल हों या अकुशल,क्योंकि हर एक को पर्याप्त आराम, मनोरंजन और पारिवारिक मामलों से निपटने के लिए समय की आवश्यकता होती है। अपने काम के घंटों को बढ़ाने के कानूनी प्रयासों के खिलाफ आईटी मजदूरों का संघर्ष मजदूर वर्ग के सभी तबकों से बिना शर्त समर्थन का हकदार है। एक पर हमला सब पर हमला! बढ़ती बेरोजगारों की फौज के मद्देनजर कर्नाटक सरकार का फैसला अनुचित ही है। क्या यूनियंस के विरोध से कर्नाटक सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करेगी?

# मेरठ में दो साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

## पुलिस हिरासत से भागा आरोपी, जवाबी गोलीबारी में पकड़ा गया

मेरठ, एजेंसी

जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में परिवार के साथ सो रही दो साल की बच्ची को एक युवक उठाकर ले गया और दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी में उसके दोनों पैरों में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन टाडा ने शनिवार रात बताया कि शुक्रवार देर रात सदर बाजार थाना क्षेत्र में परिवार के साथ सो रही दो वर्षीया एक बच्ची को मोइश (20) नामक एक युवक उठा कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि शाम करीब चार बजे पुलिस जब आरोपी मोइश को गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल परीक्षण कराने के लिए ले जा रही थी, तभी भैंसाली बस अड्डे के पास पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम सवा छह बजे के करीब कंकरखेड़ा रेलवे प्लेटफार्म के पास खंडहर के निकट घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह पुलिस टीम पर गोलियां चलाने लगा।



बच्ची के घर पर मौजूद परिजन और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### जोड़ी गई दुष्कर्म की धारा

एसएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है, जिसके आधार पर मुकदमे में भी दुष्कर्म की धारा जोड़ी गई है। उनके मुताबिक संगीन धाराओं में इस पर भी कार्रवाई की जा रही है। टाडा के अनुसार घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके पहले शनिवार सुबह पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया था कि शुक्रवार देर रात सदर थाना क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में एक युवक परिजनों के साथ सो रही दो साल की बच्ची को कथित तौर पर दुष्कर्म करने की नीयत से लेकर भागा, लेकिन परिजनों की आंख खुल गई। उन्होंने कहा था कि परिजन बच्ची को आरोपी के चंगुल से बचाने के लिए उसके पीछे दौड़े, तो पकड़े जाने के डर से वह बच्ची को पास में ही आबू नाले में फेंककर फरार हो गया।

# क्रूरता स्थापित करने का सीधा फार्मूला नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के मामले में तलाक की स्थितियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पति के वृद्ध माता-पिता की देखभाल करने में विफलता मात्र क्रूरता नहीं कहीं जा सकती है, क्योंकि ऐसे आरोप व्यक्तिपरक प्रकृति के होते हैं। पति ने कभी भी अमानवीय या क्रूर व्यवहार का दावा नहीं किया है। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रत्येक घर में क्या सटीक स्थिति हो सकती है, इसकी विस्तार से जांच करना या उस संबंध में कोई कानून या सिद्धांत निर्धारित करना कोर्ट का कार्य नहीं है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि क्रूरता हालांकि विवाह विच्छेद के आधार के रूप में उपलब्ध है, लेकिन इसे स्थापित करने के लिए कोई सीधा फार्मूला नहीं है।



उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पति द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 28 के तहत प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुरादाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 25 सितंबर 2008 से व्यथित होकर दाखिल की गई याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अभिव्यक्ति 'क्रूरता' का मानव आचरण या मानव व्यवहार के साथ एक अविभाज्य संबंध है।

## सार-संक्षेप

### हरदुआगंज की एक इकाई ठप, बंद इकाइयां चालू नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** हरदुआगंज बिजलीघर की एक इकाई शनिवार को ठप हो गई, जबकि पहले से बंद चल रही अनपरा व रिहंद बिजलीघरों की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इस बीच, उमस बढ़ने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग करीब दो हजार मेगावाट बढ़ गई। मांग बढ़ने व स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि सुबह नौ बजे हरदुआगंज की 105 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इस इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। अधिकारियों ने रविवार को इकाई चालू होने की उम्मीद जताई। सूत्रों ने बताया कि रिहंद की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की 210 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले चार दिनों से बंद चल रही हैं।

### मेरठ में रानी अवंती बाई की शोभा यात्रा पर पथराव

**मेरठ,एजेंसी :** शहर के संवेदनशील क्षेत्र खैरनगर में शुक्रवार रात निकाली जा रही अवंतीबाई लोधी शोभायात्रा पर कथित पथराव के बाद सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। शोभायात्रा पर हमले की सूचना पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कमल दत्त शर्मा समेत कई लोग बुढ़ाना गेट चौकी पर जमा हो गए। आधी रात को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा भी मौके पर पहुंचे। इससे पहले, मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक (नगर) और पुलिस अधीक्षक (अपराध) ने बड़ी मुश्किल से दोनों समुदाय के लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने शनिवार सुबह घटना के बारे में बताया कि दो पक्षों में डीजे को लेकर विवाद हुआ था, जिसे शांत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि डीजे का कैबिनेट अचानक एक बच्चे के सिर पर गिर गया था, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा।

### 12 जिलों की शत्रु संपत्तियां 54.82 करोड़ में बिकीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 12 जिलों की शत्रु संपत्तियों की शनिवार को ई-नीलामी की गई। इस दौरान केंद्र सरकार को 54.82 करोड़ की प्राप्ति हुई है। अधिकारियों ने कहा कि ई-नीलामी की प्रक्रिया पूरे देश में चल रही है। बता दें कि शत्रु संपत्ति की अभिरक्षक संस्था ने एमएसटीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता किया है। जिसके अंतर्गत पोर्टल से ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया गया। शनिवार को उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु में स्थित 255 संपतियों को ई-नीलामी में रखा गया। 155 संपत्तियों की बिक्री की जा चुकी है, जिससे 54.82 करोड़ की प्राप्ति हुई है। ये 155 संपत्तियां उप्र के विभिन्न जिलों अमरोहा, अमेठी, अयोध्या, सीतापुर, मुजफ्फरनगर, बदायूं, पीलीभीत, एटा, शामली, गाजियाबाद, कानपुर देहात, मेरठ व अलीगढ़ में स्थित हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता को धमकी देने में दो को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** भदरसा सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को मामले में सुलह करने का दबाव बनाने और जान से मार डाले डालने की धमकी देने के मामले में कोर्ट ने नगर पंचायत अध्यक्ष भदरसा मोहम्मद राशिद और जय सिंह राणा को अग्रिम जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया। यह आदेश अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से शनिवार को हुआ। घटना एक अगस्त 2024 की है। पीड़िता जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती थी। वहां रात 11 बजे नगर पालिका भदरसा के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद और जय सिंह राणा पहुंचे तथा उस पर मुकदमे में सुलह करने का दबाव डाला। सुलह न करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी थी। इसकी रिपोर्ट पिपरी निवासी रामसेवक दास और रमाकांत पांडेय ने दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों की जमानत अर्जी खारिज करते हुए तीन दिन के अंदर मामले के विवेचक के समक्ष स्थानीय थाने में उपस्थित होकर विवेचना में सहयोग करने का आदेश भी दिया है।

# शुभ मुहूर्त में 1:30 बजे रामलला को बांधेंगे राखी

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में 500 वर्षों के बाद रक्षाबंधन का पर्व भी ऐतिहासिक होगा। इस वर्ष रामलला को दोपहर शुभ मुहूर्त में 1:30 बजे मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास रक्षाबंधन बांधेंगे। उन्होंने बताया कि त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला, तीनों भाई लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न सबसे पहले राखी बांधने बहन शांता पहुंचती थी। आज भी इस परंपरा को निभाया जाता है। अयोध्या में ही श्रृंगीऋषि आश्रम पर बहन शांता का भी स्थान है। जहां से प्रतिवर्ष राखी आती है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि बड़ी संख्या में बहनों के द्वारा राखी आने का क्रम जारी है। बहुत से भक्त ऐसे भी हैं जो अयोध्या पहुंचकर राखी ट्रस्ट कार्यालय पर जमा कर रहे हैं। धार्मिक मान्यता है कि महाराजा दशरथ की एक पुत्री शांता भी थी। जिसे अपने मित्र को कोई संतान न होने पर सौंप दिया था। शान्ता का विवाह श्रृंगीऋषि से हुआ। उसके बाद भी शांता अपने भाई को रक्षा बंधन बांधने के लिए अयोध्या पहुंचती थीं। श्रृंगीऋषि तमसा नदी के किनारे स्थित एक आश्रम आज भी है।



# तैनाती स्थल पर निवास न करने पर दंडित होंगे बीडीओ

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि तैनाती स्थल पर निवास न करने वाले खंड विकास अधिकारी दंडित होंगे। मुख्य सचिव ने इस सिलसिले में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जिले के वरिष्ठ अधिकारी व खंड विकास अधिकारी अपने जिले व खंड क्षेत्र में ही निवास करें। इससे लोगों के साथ एक ओर सीधा संवाद बनाने में सुविधा होगी, वहीं समस्याओं के निस्तारण में गति आएगी। कहा गया है कि अगर कोई खंड विकास अधिकारी इससे इतर निवास कर रहे हों, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# बाराबंकी में छात्र से स्कूल में कराई सफाई गुस्साए परिजनों ने प्रधानाचार्य को पीटा

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार

● स्कूल प्रशासन ने थाने पर दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

छात्र से विद्यालय में सफाई कराने को लेकर उपजे विवाद में छात्र के परिजनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक की पिटाई कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीआरबी 112 के पुलिसकर्मियों ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आए। घटना के संबंध में प्रधानाध्यापक के द्वारा मारपीट किए जाने महिला अध्यापक के साथ छेड़खानी करने बचाने आए छात्रों को भी पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना रामनगर के ग्राम बनकी में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संत कुमार त्रिपाठी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। आरोप के मुताबिक प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से झाड़ू लगवाया जाता था। कक्षा 6 में पढ़ने वाले छात्र अमित गोस्वामी निवासी गोसाईं पुरवा ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से की थी। शनिवार को छात्र के बड़े भाई ने विद्यालय में आकर प्रधानाध्यापक से झाड़ू लगवाये जाने का विरोध किया जिस पर कहा सुनी हुई। उसके बाद वह घर चला गया। प्रधानाध्यापक संत कुमार त्रिपाठी के मुताबिक थोड़ी देर बाद वह अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ लाठी डंडे से लैस होकर गाड़ी से विद्यालय पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। प्रधानाध्यापक ने भाग कर अपने आप को विद्यालय कक्ष में बंद कर लिया और 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पीआरबी 112 मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। प्रधानाध्यापक के द्वारा थाने पर तहरीर देकर बताया गया है कि सुबह करीब 8:45 बजे विद्यालय के कार्यालय में घुसकर जितेंद्र पुत्र सुखराज और मंटू पुत्र सुखराज अपने साथियों के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। झूठ और मनगढ़ंत आरोप लगाकर शिक्षण कार्य को प्रभावित किया तथा महिला अध्यापक से छेड़छाड़ करते हुए अध्यापकों के साथ मारपीट की और सरकारी अभिलेखों को छीनने का प्रयास किया।

# हिंदुजा ग्रुप ने शुरू की 'रोड टू स्कूल' परियोजना

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षा के कायाकल्प में कॉरपोरेट सेक्टर भी आगे आ रहा है। राज्य सरकार के प्रयासों के मुरीद हुए हिंदुजा ग्रुप ने बच्चों के समग्र विकास के लिए 'रोड टू स्कूल' को शुरू किया है। इसकी औपचारिक शुरूआत 20 अगस्त को गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

# निजी मेडिकल कॉलेजों का शुल्क तय

लखनऊ, विधि संवाददाता



● हाईकोर्ट की फटकार के बाद फीस निर्धारण कमेटी की पहली बैठक संपन्न

**अमृत विचार:** चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा निजी व पीपीपी मॉडल के तीन मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस व पीजी पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारित कर दिया है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गैर सहायता प्राप्त व संबद्ध मेडिकल कॉलेजों के 2024-25 के सत्र के लिए शुल्क निर्धारण का आदेश दिया था। यह निर्णय यूपी अन-एडेड मेडिकल एंड अलॉयड साइंसेज कॉलेज वेलफेयर एसोसिएशन व 17 अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर व अमित जायसवाल ने दलील दी की राज्य सरकार को शुल्क निर्धारण का अधिकार नहीं है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी ने शनिवार को बताया कि गोरखपुर के श्री गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, संभल में एमबीबीएस के लिए 12 लाख 14 हजार 683 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

### डेढ़ लाख में मिलेगी हॉस्टल सुविधा

पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्रों से नॉन एसी हॉस्टल के लिए डेढ़ लाख और एसी कक्ष के लिए एक लाख 75 हजार प्रति वर्ष निर्धारित किया गया है। विविध शुल्क 85 हजार 600 रूपए निर्धारत है। वहीं, एमडी व एमएस छात्रों को नॉन एसी सिंगल रूम के लिए 2.5 लाख, एक रूम में दो बेड के लिए प्रति छात्र एक लाख 75 हजार देने होंगे।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले पर गरमाई राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● हाईकोर्ट ने नियुक्ति के लिए चयन सूची को रद करते हुए नए सिरे से सूची बनाने का दिया है आदेश

**अमृत विचार :** 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष से जुड़े नेताओं की आ रहीं प्रतिक्रियाओं से पिछड़े वर्ग के हितों को लेकर राजनीतिक मुहिम तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

दरअसल, हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ की ओर से प्रदेश में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के तहत 69 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए चयन सूची को रद करते हुए नए सिरे से सूची बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद भाजपा में शीर्ष स्तर पर फिलहाल खामोशी हो लेकिन, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।

इस बीच, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर लिखा- भर्ती को लेकर हाईकोर्ट का फ़ैसला सामाजिक न्याय की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। यह उन पिछड़ा व दलित वर्ग के पात्रों की जीत है जिन्होंने अपने अधिकार के लिए लंबा संघर्ष किया। उनका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं।

> शिक्षक भर्ती भी भाजपा के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। नए सिरे से न्यायपूर्ण नई सूची बने, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियां संभव हो सकें। हम नई सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हक़मारी या नाइंसाफ़ी न हो। -अखिलेश यादव

### मुख्यमंत्री आज ले सकते हैं निर्णय

हाईकोर्ट के फैसले के बाद 69 हजार शिक्षकों की भर्ती मामले में रविवार को वाराणसी और अयोध्या से लौटकर मुख्यमंत्री बड़ा निर्णय ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बेसिक शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव समेत शिक्षा विभाग, न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारी और महाधिवक्ता बैठक में हिस्सा लेंगे। इसमें कोर्ट के आदेश के क्रम में नई सूची बनाने से प्रभावित हो रहे अभ्यर्थियों को लेकर भी स्पष्ट जानकारी आ सकती है। सरकार हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी या नहीं, यह भी बैठक में महाधिवक्ता से राय के बाद तय होगा। उधर, छुट्टी के दिन शनिवार को बेसिक शिक्षा निदेशालय खोलकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें नई सूची तैयार करने पर भी चर्चा की गई। नई सूची बनने से कितने पहले से नौकरी कर रहे युवा प्रभावित होंगे, यह भी देखा जा रहा है। साथ ही इस मामले में अब तक हुई कार्यवाही का ब्योरा भी जुटाया गया। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रेजेंटेशन भी तैयार किया जा रहा है, जिसे मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।


## वर्ग पहेली-164

**बाएं से दाएं**

3. भाग्यवान, भाग्यशाली, ख़ुशकिस्मत।
4. 1. जिसे देखने से डर लगे 2. ख़तरनाक, आंतकपूर्ण।
6. पुकार, किसी को बुलाने के लिए की जाने वाली ज़ोर की आवाज़।
7. 1. छोटा करवा 2. एक छोटी चिड़िया जो गेहूं के पौधों को काट-काट कर गिराया करती है।
8. 1. सामाजिक रीति या रस्म 2. किसी समूह में प्रचलित सांस्कृतिक व्यवहार 3. सीखा गया ऐसा व्यवहार जो समाज में प्रचलित हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. श्रवण करना 2. कान के द्वारा ध्वनि का ग्रहण किया जाना 3. सहमत होना 4. स्वीकार करना, मानना।
2. वह लड़का जिसने हाल ही में किशोरावस्था पार की हो; नौजवान, तरुण।
4. 1. एक अंतराल के बाद दिखने वाली चमक 2. रह-रहकर तेज़ी से निकलने वाले धुएं का शब्द।
5. अक्षर, वर्ण।



### वर्ग पहेली -163 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 दि | ली | ■ | 2 क | ■ | 3 य |
| ■ | ■ | 4 क | रा | मा | ती |
| ■ | 5 कि | ■ | धि | ■ | म |
| ■ | 6 रा | 7 ज | का | ज | ■ |
| 8 हि | त | का | री | ■ | 9 ह |
| ■ | ■ | ज | ■ | ■ | ज़ा |
| ■ | 10 ल | क | ड़ | हा | रा |

## सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 5 | | | | |
| | | | | 8 | | | 6 | 9 |
| | | 6 | | | 4 | | | 2 |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| 9 | 1 | | | | | | | |
| 5 | | | 6 | | | 8 | | |
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | 5 | | | | | | 1 | |
| | | | | 9 | 5 | | 4 | |

### सुडोकू -76 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 2 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 05.51 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 19 अगस्त 03.04 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 10.15 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान दें। आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ अच्छे समय का आनंद लेंगे।

**वृष:** आज विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी भरोसा करेंगे। नई जॉब को लेकर योजना बना सकते हैं।

**मिथुन:** आज दिनचर्या थोड़ी असंतुलित रहेगी। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव कराएगा। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**कर्क:** आज दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। व्यापार में बढ़ोतरी होगी। आपके द्वारा निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। आपके स्वभाव में परोपकार की भावना रहेगी। आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे।

**सिंह:** आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट रहेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक फिल्म देखने का विचार बन सकता है। घर पर शांतिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**कन्या:** आज प्राइवेट जॉब कर रहे जातक लंबी छुट्टी की मांग कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ परिणामकारी है। ललित कलाओं से जुड़े विषयों में विशेष रुचि ले सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है।

**तुला:** आज शरीर में किसी तरह का संक्रमण परेशान कर सकता है। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़ी बिक्री होने की संभावना बन रही है। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऐसे रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है,जिनसे आपका संपर्क कम हो गया था।

**धनु:** आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं। शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे विवादों से बचे रहेंगे।

**मकर:** आज स्वादिष्ट भोजन व व्यंजनों का आनंद उठाएंगे। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा। सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे।

**कुंभ:** आज घरेलू खर्च बढ़ने से आपका बजट गड़बड़ा सकता है। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**मीन:** आज परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है। पुराना रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत — सुबह : 09.00
गंगा तेरे देश में — शाम : 06.00

SONY PIX
चार्लीज एंजल्स — सुबह : 10.08
वेनम — रात : 09.00

&pictures
बागी — सुबह : 11.15
मुक्काबाज — रात : 08.00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — सुबह : 11.16
सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
जुग जुग जियो — दोपहर : 12.31
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सिट्टू- यार मैं घर वालों से बहुत परेशान हूं।
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- अरे मेरे घर वालों को घड़ी में टाइम देखना तक नहीं आता।
बिट्टू- मतलब?
सिट्टू- सुबह-सुबह मुझे जल्दी उठाते हैं और कहते हैं -उठ जा देख कितना टाइम हो गया।

डॉक्टर मरीज से इस दवा को एक हफ्ते में पूरा करो और बाद में आकर मिलो।
एक हफ्ते के बाद
डॉक्टर – क्या हुआ दवा खत्म हुई?
मरीज – नहीं डॉक्टर।
डॉक्टर – क्यों क्या हुआ?
मरीज – उसमें लिखा था, बोतल को हमेशा बंद रखें।

# ब्रिटेन में डॉक्टरों ने जूनियर डॉक्टर के लिए मांगा इंसाफ

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के एक समूह ने इस सप्ताहांत एक खुला पत्र जारी कर उस स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की है, जिसकी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।

पत्र में अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की निंदा की गई है और इस घटना को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की निष्क्रियता की भी निंदा की गई है। इस घटना के खिलाफ लंदन में इंडिया हाउस के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए गए।

### ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी किया प्रदर्शन

**ढाका।** ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने पड़ोसी देश में कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार एवं हत्या के विरोध में जारी प्रदर्शनों में शामिल होकर एकजुटता दिखायी। शुक्रवार को आवाज तोलो नारी के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन ढाका विश्वविद्यालय में राजू मूर्तिकला के निकट किया गया।

# अमेरिका में भारतीय व्यक्ति की नाबालिग ने गोली मार की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर ने एक स्टोर में लूटपाट करने के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। सैलिसबरी पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2580 एयरपोर्ट रोड स्थित टोबैको हाउस स्टोर के मालिक मेनांक पटेल की मंगलवार सुबह गोलीबारी में मौत हो गई। रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार इस अपराध के लिए एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, चूंकि वह वयस्क नहीं है इसलिए पुलिस अधिकारी उसका नाम उजागर नहीं कर सकते।

# यदि फोन चोरी हो जाए तो ऐसे हटाएं यूपीआई अकाउंट

आज हर हाथ में स्मार्टफोन है। कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग जैसी सुविधाओं ने स्मार्टफोन को और पॉपुलर और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बना दिया है। इंटरनेट बैंकिंग की वजह से लोग पैसों के लेन-देन को लेकर बैंकों के चक्कर लगाना भूल गए हैं। अब एक क्लिक पर पैसे ट्रांसफर करना, बिल भरना, फोन रिचार्ज करने जैसे काम बड़ी आसानी से हो जाते हैं। देश में स्मार्टफोन की संख्या में तेजी से बढ़ी है। लेकिन इसके साथ स्मार्टफोन चोरी और इससे जुड़े फ्रॉड के मामलों में भी इजाफा हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक देश में हर महीने करीब 50,000 मोबाइल फोन चोरी होते हैं। कई बार अपराधी आपके सिम कार्ड का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों के लिए भी कर सकते हैं। ऐसे में स्मार्टफोन के चोरी या गुम होने पर तुरंत यूपीआई अकाउंट और सिम कार्ड को ब्लॉक करना जरूरी है।

### यूपीआई क्या है और यह कैसे काम करता है?

यूपीआई एक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम होता है। इसकी मदद से एक बैंक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में पैसा 24x7 ट्रांसफर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करना फ्री है और इसमें पैसे ट्रांसफर की कोई न्यूनतम राशि निर्धारित नहीं है। यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर करने को स्मार्टफोन में फोन पे, पेटीएम, गूगल पे, जैसे पेमेंट ऐप होना जरूरी है, जो बैंक अकाउंट से लिंक होना चाहिए।

### चोरी होने पर ब्लॉक करना इसलिए जरूरी

यूपीआई आईडी आपका यूनिक आइडेंटिफायर होता है। फोन गलत हाथों में लग जाए तो मिसयूज हो सकता है। इसलिए चोरी होने की स्थिति में आईडी को ब्लॉक करना बहुत जरूरी है। अगर आपका स्मार्टफोन गुम या चोरी जाता है तो आपको कस्टमर केयर को कॉल करके अपना यूपीआई अकाउंट ब्लॉक करने का इंतजार नहीं करना चाहिए क्योंकि कई बार इस प्रोसेस में देर लग सकती है।

### इन स्टेप्स से मोबाइल फोन को कर सकते हैं ब्लॉक




**स्टेप-1** फोन चोरी होने पर सबसे पहले इसकी रिपोर्ट नजदीकी पुलिस थाने में दर्ज करानी चाहिए। आप पुलिस विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इससे चोरी होने वाले स्मार्टफोन का एफआईआर नंबर जनरेट हो जाएगा। इसके बाद अगर कोई आपके फोन का गलत इस्तेमाल करता है तो आप उसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**स्टेप-2** सीईआईआर के पोर्टल पर जाकर मोबाइल और उसका आईएमईआई नंबर ब्लॉक करना होगा। इससे अगर कोई फोन का इस्तेमाल करता है तो पुलिस उसे ट्रैक कर सकती है।

## एक नजर

### अज्ञात हमलावरों के हमले में 100 लोग घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के हबीगंज जिले में अज्ञात हमलावरों के हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमलावरों ने शुक्रवार की शाम हमला किया और करीब 20-30 दुकानों में लूटपाट की। हमलों में घायल लोगों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नाइजीरिया में 20 मेडिकल छात्रों का अपहरण किया

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक सड़क यात्रा के दौरान कथित तौर पर अपहरण किए गए कम से कम 20 मेडिकल छात्रों के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस की प्रवक्ता कैथरीन सेवुसे एनेने ने को बताया कि नाइजीरिया के मध्य-बेल्ट क्षेत्र पर आधारित जोस विश्वविद्यालय के छात्रों को उत्तर-मध्य राज्य बेन्यू के एक शहर ओटुकपो में गुरुवार शाम को अपहरण कर लिया गया था।

### कांगो में 16 ग्रामीणों की मौत, 20 का अपहरण

**किन्शासा।** उत्तर-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों के हमलों में कम से कम 16 ग्रामीणों की मौत हो गई और 20 अन्य का अपहरण कर लिया गया। एक स्थानीय नागरिक समाज समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यू सिविल सोसायटी ऑफ कांगो के समन्वयक जॉन वुल्वेरियो ने बताया कि एलीड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में बुधवार और शुक्रवार के बीच स्थानीय लोगों पर उस समय हमले किए जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे।


### हॉलीवुड के संगीतकार ग्रेग किहन का निधन

**सैन फ्रांसिस्को।** अस्सी के दशक के लोकप्रिय गीतों जेओपार्डी और द ब्रेकअप सॉन्ग के लिए मशहूर रॉक एंड रोल संगीतकार ग्रेग किहन का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे। किहन की वेबसाइट पर जारी एक बयान में उनकी प्रबंधन टीम ने बताया कि संगीतकार का अल्जाइमर बीमारी से मंगलवार को निधन हो गया। बाल्टीमोर में 10 जुलाई 1949 को जन्में किहन 1970 के दशक में सैन फ्रांसिस्को चले गए थे जिसके बाद उन्होंने बेसर्क्ली रिकॉर्ड्स के साथ अनुबंध किया।

# चुनौतियों से मिलकर ही निपट सकते हैं: मोदी

## ग्लोबल साउथ सम्मेलन में कहा- जलवायु परिवर्तन के साथ हेल्थ, फूड और एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर चिंताएं बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर में अनिश्चितताओं के परिणामों पर चिंता जताते हुए शनिवार को ग्लोबल साउथ के देशों से खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट एवं आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने भारत द्वारा डिजिटल रूप से आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन के तीसरे संस्करण के शुरुआती भाषण में कहा कि भारत सोशल इम्पैक्ट फंड में 2.5 करोड़ डॉलर का प्रारंभिक योगदान देगा, जिसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करना है।

उन्होंने आपसी व्यापार व समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी ने कहा कि दुनियाभर में अनिश्चतता का माहौल है और दुनिया अब भी पूरी तरह से कोविड-19 महामारी के प्रभाव से बाहर नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण विकास को नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हम पहले ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और अब स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। प्रौद्योगिकी विभाजन और प्रौद्योगिकी से जुड़ी नयी आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। पिछली शताब्दी में स्थापित वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थान वर्तमान शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हैं। यह समय की मांग है कि ग्लोबल साउथ के देश एकजुट हों, एक आवाज में खड़े हों और एक-दूसरे की ताकत बनें। आइए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखें। अपनी क्षमताओं को साझा करें। आइये हम सब मिलकर अपने संकल्पों को सिद्ध करें। आइये हम सब मिलकर दो-तिहाई मानवता को पहचान दिलायें। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ग्लोबल साउथ देशों, विशेष रूप से अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को उजागर करते हुए खुद को एक अग्रणी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है।

### भारत 2.5 करोड़ डॉलर का योगदान देगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें खुशी है कि ग्लोबल साउथ के 12 साझेदारों के साथ इंडिया स्टैक साझा करने संबंधी समझौते हो चुके हैं। ग्लोबल साउथ में डीपीआई में तेजी लाने के लिए, हमने सोशल इम्पैक्ट फंड बनाया है। भारत इसमें 2.5 करोड़ डॉलर का शुरुआती योगदान देगा। मोदी ने ग्लोबल साउथ के साथ सहयोग के लिए विभिन्न रूपरेखा को भी सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचा, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में हमारा सहयोग बढ़ गया है। मिशन लाइफ के अंतर्गत, हम न केवल भारत में बल्कि साझेदार देशों में छतों पर सौर ऊर्जा और नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### अपेक्षाओं के हिसाब से एजेंडा बनाया

मोदी ने कहा कि भारत ने ग्लोबल साउथ की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं व प्राथमिकताओं के आधार पर जी-20 का एजेंडा बनाया और समावेशी व विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से जी20 को आगे बढ़ाया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वह ऐतिहासिक क्षण था जब अफ्रीकी संघ ने जी-20 की स्थायी सदस्यता संभाली। यह सम्मेलन एक ऐसा मंच है, जहां हम जरूरतों को पूरी करते हैं।

### विभिन्न देशों को यूपीआई से जोड़ने की पहल

भारत ने ग्लोबल साउथ के विभिन्न देशों को यूपीआई से जोड़ने की पहल की है। शिक्षा, क्षमता निर्माण और कौशल के क्षेत्रों में हमारी साझेदारी ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ को दी प्राथमिकता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 2022 में जब भारत ने जी20 की अध्यक्षता संभाली थी तो हमने जी20 को एक नया आकार देने का संकल्प लिया था।

### सम्मेलन में मोहम्मद यूनुस बोले- स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होंगे चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया कि वह समावेशी और बहुलवादी लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने तथा ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सकें। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। यूनुस ने कहा अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और तोड़फोड़ के बीच यूनुस ने अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला था।

# प्रौद्योगिकी व स्वास्थ्य सेवा में भारत का अतुलनीय योगदान




सिएटेल में भारत दिवस समारोह में उपस्थित बिल गेट्स।

सिएटल/न्यूयॉर्क, एजेंसी

- माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने सिएटल में भारत दिवस समारोह की शुरूआत की

प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति बिल गेट्स ने सिएटल क्षेत्र में पहले भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सुरक्षित टीकों के निर्माण से लेकर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक हर क्षेत्र में भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरे विश्व की मदद कर रही है।

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष गेट्स ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह का उद्घाटन किया। दूतावास में कहा गया कि गेट्स ने समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 2,000 से अधिक सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत को प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला एक वैश्विक नेता बताया।

### इंस्टाग्राम पर समारोह की तस्वीरें भी साझा कीं

गेट्स ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की तस्वीरें भी साझा कीं। भारतीय राष्ट्रध्वज के रंगों का स्कार्फ पहने गेट्स के साथ सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और अन्य अधिकारी समारोह में शामिल हुए। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाने के लिए गेट्स को धन्यवाद दिया।

# मुंबई हमले में शामिल तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण को मिली मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर नाइंथ सर्किट ने सुनाया फैसला

अमेरिका की एक अदालत ने मुंबई में 2008 हुए भीषण आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अमेरिका की नाइंथ सर्किट संबंधित अपीलीय अदाल ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा (भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।

राणा (63) ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ इस अपीलीय अदालत में याचिका दायर की थी। कैलिफोर्निया की जिला अदालत ने उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार कर दिया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में मुंबई आतंकवादी हमलों में राणा की संलिप्तता के लिए भारत प्रत्यर्पित किए जाने के न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायाधीशों के पैनल ने जिला अदालत के फैसले की पुष्टि की। राणा लॉस एंजलिस की एक जेल में बंद है और वह 26/11 के मुंबई हमले में अपनी भूमिका को लेकर आरोपों का सामना कर रहा है। उसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा में पाकिस्तान मूल के अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से है। हेडली 2008 में मुंबई में 26 नवंबर को हुए हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक था।

### राणा के पास अब भी अपील करने का विकल्प

राणा के पास मौजूदा फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उसके पास अब भी भारत को प्रत्यर्पित किये जाने से बचने के लिए कानूनी विकल्प बंद नहीं हुए हैं। प्रत्यर्पण आदेश संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण समीक्षा के सीमित दायरे के तहत, पैनल ने माना कि राणा पर लगाए गए आरोप अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आते हैं।

# अब यूरोप में एमपॉक्स वायरस के मिले मामले

**हेलसिंकी।** यूरोप में संभवतः अफ्रीका में फैल रहे क्लेड 1 वायरस के कारण होने वाले एमपॉक्स के अधिक आयातित मामले देखने को मिलेंगे। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। स्वीडिश पब्लिक हेल्थ एजेंसी के अधिकारियों ने गुरुवार को स्वीडन में एमपॉक्स क्लेड 1 के पहले मामले की पुष्टि की। फिलहाल, एजेंसी के मुख्य महामारी विज्ञानी मैग्नस गिसलेन ने जनता को आश्वस्त किया है कि मौजूदा एमपॉक्स क्लेड 1 वैरिएंट कोविड-19 संक्रमण से कम जोखिम है। स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी में संक्रामक रोगों एवं टीकाकरण की विशेषज्ञ हेलेना हर्वियस असक्लिंग ने कहा कि एमपॉक्स क्लेड 1 कोविड-19 से काफी अलग है।

# युद्धविराम की उम्मीदों के बीच गाजा में घातक हिंसा जारी

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता कराने के मध्यस्थों के प्रयासों के बीच इजराइल द्वारा शनिवार को गाजा पट्टी पर किए गए एक हवाई हमले में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। पिछले 10 महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में गाजा में मरने वालों की संख्या 40,000 से अधिक होने की स्वास्थ्य मंत्रालय की घोषणा और अमेरिका, मिस्र तथा कतर के अधिकारियों द्वारा दो दिन की संघर्षविराम वार्ता समाप्त करने के कुछ ही घंटों बाद यह हमला हुआ।

वार्ता में समझौते पर मुहर लगने की उम्मीद जताई गई है। दीर अल-बलाह स्थित एक अस्पताल के मुताबिक, गाजा के जावैदा शहर में एक घर और निकटवर्ती एक गोदाम पर शनिवार सुबह हवाई हमला हुआ। इस गोदाम में विस्थापित लोग रह रहे थे। इसी अस्पताल में हताहतों को ले जाया गया और एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने वहां लाए गए मृतकों की गिनती की।

### हिजबुल्लाह ने इजराइली सैन्य अड्डे पर किया हमला

**बेरूत।** इजराइल के दक्षिणी लेबनानी गांवों और कस्बों पर हमलों पर जवाबी कार्रवाई में हिजबुल्लाह ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर ड्रोन के झुंड से हमला किया। हिजबुल्लाह के मीडिया कार्यालय ने कहा दृढ़ दक्षिणी गांवों और सुरक्षित घरों पर इजराइली दुश्मन के हमलों के जवाब में, इस्लामिक प्रतिरोध सेनानियों ने राव्या बैरक में 188वीं ब्रिगेड की बख्तरबंद बटालियन के मुख्यालय पर आत्मघाती ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई हमला किया।

# बांग्लादेश में हुई हिंसा में 650 लोग मारे गए: संयुक्त राष्ट्र

**ढाका/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में अशांति के दौरान हिंसक घटनाओं में लगभग 650 लोग मारे गए। इस रिपोर्ट में न्यायेतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों और लोगों को हिरासत में लिये जाने की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है। बांग्लादेश में हालिया विरोध प्रदर्शन और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण शीर्षक वाली 10-पृष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई से चार अगस्त के बीच करीब 400 मौतें हुईं, वहीं पांच और छह अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। आंदोलन का रूप लेने के बाद हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।

## बॉलीवुड हलचल

# कंगना रनौत ने स्त्री 2 की सफलता के लिए बधाई दी

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म स्त्री 2 की सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। कंगना ने लिखा, फिल्म ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म का असली हीरो उसका निर्देशक होता है। भारत में हम निर्देशकों की उतनी तारीफ नहीं करते हैं और न ही उन्हें फिल्म के हिट होने पर ज्यादा श्रय देते हैं, इसलिए बहुत सारे युवा, लेखक या निर्देशक नहीं, बल्कि एक्टर बनने की इच्छा रखते हैं। अगर सभी अभिनेता बन जाएंगे तो फिल्में कौन बनाएगा! उनकी तारीफ कीजिए प्रिय अमर कौशिक सर, मोस्ट अवेटेड ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के लिए थैंक्यू। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है।



# नेशनल अवॉर्ड मिलने पर रोमांचित हैं नीना गुप्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता फिल्म उंचाई के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिलने पर रोमांचित हैं। शुक्रवार को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का अनाउंसमेंट किया गया। नीना गुप्ता को फिल्म ऊंचाई के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस चुना गया। नीना गुप्ता ने नेशनल अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा, मैं बहुत शॉक्ड हूं। फिल्म उंचाई को रिलीज हुए दो साल का समय भी हो चुका है। यह मेरे लिए बड़ा सरप्राइजिंग है। नेशनल अवॉर्ड बड़ी बात है। मैं इसके बारे में बहुत ही ज्यादा उत्सुक हूं। दूसरे विनर्स के बारे में भी जानकर बहुत खुशी हुई। नीना ने कहा, मैं इस अवॉर्ड को खुद को समर्पित करना चाहूंगी क्योंकि मैंने पूरी मेहनत की है। यह मेरी मेहनत का नतीजा है। यह मेरी जर्नी को दर्शाता है और मैं कितनी दूर आ गई हूं। कभी ना कभी तो रिजल्ट आता है और यह अवॉर्ड इसका सबूत है।यह सम्मान दर्शाता है कि मेरी कड़ी मेहनत को नोटिस किया गया। मुझे लगता है कि आप करते जाओ, कभी ना कभी फल मिलता है।काम के लिए अवॉर्ड मिलना बड़ी अचीवमेंट है। फिल्म ऊंचाई की शूटिंग के दौरान मजा आया। निर्देशक सूरज बड़जात्या से मुझे प्यार है।



# इंडियन आइडल शो के लिए ऑडिशन शुरू

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रसिद्ध सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल का ऑडिशन कोलकाता, गुवाहाटी, दिल्ली और मुंबई में किया जा रहा है। सबसे प्रतिभाशाली सिंगिंग प्रतिभाओं को दुनिया के सामने लाने के लिए प्रतिष्ठित, यह शो उत्साही गायकों को राष्ट्रीय मंच पर अपना कौशल दिखाने का सुनहरा अवसर देता है। ऑडिशन 18 अगस्त को कोलकाता के पीबी एकेडमिक स्कूल, 63 महात्मा गांधी रोड, डायमंड सिटी साउथ के बगल में, टॉलीगंज, कोलकाता - 700041 में शुरू होंगे। अगला पड़ाव 20 अगस्त को गुवाहाटी के नेरिम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पद्म नाथ सरमा भवन, त्रिपुरा रोड, जयानगर, खानापारा, गुवाहाटी, असम- 781022 में होगा। 25 को दिल्ली के जेबीएम ग्लोबल स्कूल, एक्सप्रेसवे, ए-11, सेक्टर 132, नोएडा, उप्र - 201301 में ऑडिशन जारी रहेंगे।


# टूटकर बिखर जाएगा उपग्रह फोबोस

## ये बना ही टूटकर बिखरने के लिए, मंगल का वलय बन जाएगा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः लालग्रह मंगल का उपग्रह फोबोस बना ही टूटकर बिखरने के लिए है और उसके बाद मंगल का वलय बनकर ये मंगल से लिपट जाएगा। इसके बाद पुनः उपग्रह बनकर मंगल की परिक्रमा करने लगेगा। ये कोई पहेली नही, बल्कि ग्रहों की दुनिया का एक बड़ा सच है। 19वीं सदी के खगोलविदों ने ही अनुमान लगा लिया था कि ये उपग्रह धीरे-धीरे अपने ग्रह के नजदीक पहुंचता जा रहा है एकदिन मंगल मे समा जाएगा।

ब्रह्मांड और यहां होने वाली घटनाएं भले ही हमें अचरज असहज महसूस कराती हों, लेकिन इसकी संरचना का बनने व बिगड़ने का क्रम प्रकृति का एक हिस्सा है। आकाशगंगाओं का टकराकर बिखरना और फिर नई आकाशगंगा का उदय के साथ नई दुनिया का जन्म, ब्रह्मांड की बड़ी प्रक्रिया है। इसी क्रम मे तारों का टूटना और बनना भी स्वाभाविक प्रक्रिया है। अब हमारे अपने सौरमंडल के एक चांद फोबोस के भविष्य को लेकर जानकारी आ रही है कि यह कमजोर उपग्रह एक दिन चकनाचूर हो जाएगा और वलय बनकर मंगल के चारों ओर लिपट जाएगा। इसके बाद एक अन्तराल बाद पुनः उपग्रह बन जाएगा। 147 साल पहले 1877 में मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस को खोजा गया था। इस चंद्रमा पर बड़ा क्रेटर है। क्रेटर का व्यास 5.6 मील है, जो फोबोस की सतह के एक बड़े हिस्से को कवर करता है। इस गड्ढे का नाम स्टिकनी है, जो 1.2 मील गहरा है। नए अध्ययनों से पता चला है कि यह लाखों साल बाद टूट जाएगा और मंगल के चारों ओर एक वलय बना देगा। इसके बाद एक ग्रहीय वलय बनने और फिर एकत्रित होकर चंद्रमा (उपग्रह) बन जाएगा। माना जाता है कि इस उपग्रह पर पहले भी यह परिवर्तन हो चुका है। मंगल के दो उपग्रह है। दूसरे उपग्रह नाम देइमोस है। फोबोस का औसत व्यास केवल 14 मील है।



मंगल ग्रह के उपग्रह पर बने गड्ढे की तस्वीर।

### दिलचस्प है मंगल के उपग्रह की दुनिया

हमेशा ही कौतूहल व विवाद का विषय रहे है मंगल के दोनों उपग्रह। आकाश मे नहीं वरन अनुमान मे खोजे गए थे ये उपग्रह खगोलविद जोनाथन स्विफ्ट ने अनुमान लगाया था कि जबकि यही अनुमान केपलर का भी था, सूर्य के नजदीक बुध व शुक्र ग्रहों के एक भी उपग्रह नहीं है जबकि पृथ्वी का एक चांद है और उसी वर्ष बृहस्पति के चार उपग्रहों को दूरबीन द्वारा खोजा जा चुका था। इसलिए केपलर ने अनुमान लगाया कि इस दोनों के ग्रहों के बीच मंगल के दो उपग्रह होने चाहिए। 1610 के अनुमान के बाद ही इन्हें 1877 ई मे आकाश मे देखने मे सफलता मिली। फोबोस केवल 6007 किमी की ऊंचाई से मंगल की परिक्रमा करता है और 7 घंटे 40 मिनट मे मंगल का एक चक्कर लगा लेता है।

### 40 वर्षों से शोध का विषय बना हुआ

हमारा पड़ोसी मंगल का उपग्रह फोबोस 40 सालों से खगोलविदों के शोध का विषय बना हुआ है। इसकी वजह इसके बीच बना गड्ढा है। करीब होने की वजह से इस पर शोध आसान नजर आता है।